रोहतक
रविवार 12 अप्रैल 2026
वैशाख मास कृष्ण पक्ष,
दशमी वर्ष : 30, अंक : 67
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 34.9
न्यून. 16.2

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



07 पंजाब की जीत जारी, हैदराबाद के खिलाफ चेज किए 220 रन, 6 विकेट से पीटा






# युद्ध या विराम... लेबनान पर अड़े अमेरिका-ईरान, पाक में दो दौर की वार्ता


## अमेरिका की तरफ से उपराष्ट्रपति वेंस, ईरान की ओर से संसद स्पीकर गालिबाफ ने किया नेतृत्व

## ईरान ने लेबनान पर होने वाले इजराइली हमलों को तुरंत रोकने की मांग उठाई

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद

पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में ईरान और अमेरिका के बीच चल रही वार्ता में लेबनान में युद्ध विराम को लेकर पेंच फंस गया है। पहले दौर की वार्ता 2 घंटे तक चली। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस दौरान ईरान ने लेबनान पर तुरंत इजराइली हमले रोकने की मांग की है। इसके बाद बातचीत का दूसरा दौर शुरू हो गया है। इस बैठक में एक्सपर्ट्स ने सुरक्षा, राजनीति, सेना, अर्थव्यवस्था और कानून से जुड़े मुद्दों पर बात की। अमेरिका की तरफ से उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, जबकि ईरान की तरफ से संसद स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने नेतृत्व किया। यह बैठक रविवार को भी जारी रह सकती है। 47 साल पहले यानी 1979 में ईरान की इस्लामिक क्रांति के बाद ये पहली बार था जब दोनों देश के नेताओं ने इतने बड़े स्तर पर आमने-सामने बातचीत की। इससे पहले ईरान ने कहा था कि अगर इस्लामाबाद में चल रही बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंची, तो सिर्फ इजराइल को दोष नहीं दिया जा सकता। इजराइल और अमेरिका के फैसले जुड़े हैं, इसलिए वार्ता फेल होने पर जिम्मेदारी अमेरिका पर भी होगी।

- बैठक में एक्सपर्ट्स ने सुरक्षा, राजनीति, सेना, अर्थव्यवस्था और कानून से जुड़े मुद्दों पर बात की
- ईरान ने कहा, वार्ता फेल हुई तो जिम्मेदारी अमेरिका की
- दोनों देशों में 47 साल बाद बातचीत



### प्लेन में बच्चों की तस्वीरें रखी

गालिबाफ ने इस्लामाबाद पहुंचने के बाद एक्स पर एक फोटो शेयर की। इसमें विमान की सीटों पर चार बच्चों की तस्वीरें रखी हैं, जिनके साथ उनके खून से सने स्कूल बैग और जूते रखे हैं और फूल भी रखा है। ईरानी शहर मिनाब में जंग के पहले ही दिन 28 फरवरी को एक प्राइमरी स्कूल पर हमला हुआ था, जिसमें 168 लोगों की मौत हुई थी। इनमें बच्चे और स्कूल का स्टाफ भी शामिल था। इस हमले का आरोप अमेरिका और इजराइल पर लगाया गया था। अमेरिका ने कहा कि वे इस हमले की जांच कर रहे हैं।

### लग्जरी सेरेना होटल में हुई बातचीत

इस्लामाबाद के लग्जरी सेरेना होटल में अमेरिका और ईरान के बीच सीजफायर वार्ता हुई। यह होटल शहर के सबसे सुरक्षित इलाकों में माना जाता है। सेरेना होटल अपनी मजबूत सुरक्षा, सही लोकेशन और बड़े-बड़े मेहमानों को संभालने के अनुभव के लिए जाना जाता है। यहां आने-जाने के हर रास्ते पर कड़ी जांच होती है और कई लेयर में सिक्योरिटी लगी रहती है। यह होटल प्रधानमंत्री आवास और संसद जैसे अहम सरकारी जगहों के पास है, जिससे नेताओं और अधिकारियों के लिए यहां आना-जाना आसान और सुरक्षित रहता है। यही वजह है कि बड़ी और संवेदनशील मीटिंग्स के लिए इसे चुना जाता है। करीब 6 हेक्टेयर में फैले इस होटल में 400 से ज्यादा कमरे, बड़े कॉन्फ्रेंस हॉल और ऑफिस स्पेस हैं।

### ईरान बोला- लेबनान में सीजफायर जरूरी, बातचीत भी जंग का हिस्सा



ईरान ने साफ कहा है कि लेबनान में सीजफायर होना बहुत जरूरी है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माईल बघई ने बताया कि यह बात पाकिस्तान को भी बता दी गई है, जो अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत करवा रहा है। उन्होंने कहा कि जब ईरान का डेलिगेशन पाकिस्तान के नेताओं से मिला, तो लेबनान में लड़ाई रोकने की बात सबसे पहले उठाई गई। ईरान चाहता है कि वहां के हमले जल्द से जल्द बंद हों। हालांकि इजराइल ने सीजफायर के बाद भी लेबनान पर हमले जारी रखे हैं। पाकिस्तान ने कहा था कि लेबनान भी सीजफायर में शामिल है, लेकिन जमीन पर ऐसा नहीं दिख रहा।

### ईरान बोला- होर्मुज स्ट्रेट से कोई अमेरिकी जहाज नहीं गुजरा

ईरान ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट से कोई भी अमेरिकी जहाज नहीं गुजरा है। ईरान के मुताबिक, एक सीनियर सैन्य अधिकारी ने इन खबरों को गलत बताया है। ईरान का यह भी कहना है कि उसने एक अमेरिकी युद्धपोत को चेतावनी दी थी कि अगर वह होर्मुज स्ट्रेट में आगे बढ़ा तो 30 मिनट के अंदर उस पर हमला किया जाएगा।

**नेतन्याहू बोले- ईरान के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी**

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि इजराइल ईरान और उसके सहयोगी समूहों के खिलाफ अपनी कार्रवाई जारी रखेगा। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने लिखा कि उनकी सरकार ईरान के आतंकी नेटवर्क और उसके प्रॉक्सी समूहों के खिलाफ लड़ाई जारी रखेगी।

**हाईकोर्ट सख्त, 2.5 करोड़ की ठगी के आरोपियों को जमानत देने से इनकार...**

# साइबर अपराध में पीड़ित की पीड़ा की कल्पना करना कठिन

- 70 वर्षीय महिला को डराया, धमकाया, मानसिक रूप से प्रताड़ित किया
- गिरफ्तारी का डर दिखाकर जीवनभर की पूंजी हड़प लेना छोटा अपराध नहीं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

साइबर अपराध के बदलते स्वरूप और डिजिटल गिरफ्तारी जैसे नए तरीकों पर कड़ा रुख अपनाते हुए पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने 2.5 करोड़ रुपये की ठगी के मामले में मोहम्मद अजीत सहित सात आरोपितों को नियमित जमानत देने से इनकार कर दिया है। अदालत ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस तरह के अपराध अब तेजी से बढ़ रहे हैं और खासतौर पर बुजुर्ग नागरिकों को निशाना बनाया जा रहा है। हाईकोर्ट ने अपने विस्तृत आदेश में कहा कि "डिजिटल गिरफ्तारी" जैसे मामले पहले लगभग अज्ञात थे, लेकिन अब यह एक सुनियोजित अपराध के रूप में उभर चुके हैं। इसमें ठग खुद को सरकारी एजेंसियों का अधिकारी बताकर लोगों को मानसिक दबाव में लेते हैं और उनकी पूरी जमा-पूंजी हड़प लेते हैं। अदालत ने इसे न केवल धोखाधड़ी, बल्कि एक "जटिल आपराधिक षड्यंत्र" करार दिया।



### वीडियो काल के जरिए दी धमकियां

मामले में चंडीगढ़ की एक 70 वर्षीय सेवानिवृत्त महिला को करीब एक महीने तक लगातार वीडियो काल और धमकियों के जरिए मानसिक रूप से नियंत्रित किया गया। आरोपियों ने खुद को टेलीकॉम नियामक, पुलिस और केंद्रीय जांच एजेंसियों का अधिकारी बताते हुए महिला को "डिजिटल गिरफ्तारी" में होने का डर दिखाया। इतना ही नहीं, फर्जी गिरफ्तारी वारंट और उच्च न्यायिक अधिकारियों के नाम से तैयार दस्तावेज भी दिखाए गए, जिससे महिला पूरी तरह भ्रमित हो गई।

### आरोप बेहद गंभीर

अदालत ने कहा कि पीड़िता को इस तरह से भयभीत किया गया कि उसने अपने परिजनों तक से यह बात साझा नहीं की और अंतत अपनी जीवन भर की कमाई आरोपियों को सौंप दी। न्यायालय ने टिप्पणी की कि "जो पीड़ा पीड़िता ने झेली, उसकी कल्पना भी करना कठिन है।" जमानत याचिकाओं को खारिज करते हुए अदालत ने कहा कि प्रथम दृष्टया आरोप बेहद गंभीर हैं और जांच के दौरान आरोपियों की भूमिका स्पष्ट रूप से सामने आई है।

## खबर संक्षेप



### मनाली में बर्फबारी, लगा सैलानियों का मेला...

**मनाली।** हिमाचल प्रदेश में मौसम अलग ही तेवर अपनाए हुए है। अप्रैल के महीने में भी यहां जमकर बर्फबारी हो रही है। मनाली के सोलंग नाला, कोठी, गुलाबा, अंजनी महादेव में भी बर्फबारी हो रही है। कुल्लू ज़िले के रोहतांग स्थित अटल टनल के दक्षिणी पोर्टल के इलाके में शनिवार को ताज़ी बर्फ़बारी हुई है। बर्फबारी होती देख अटल टनल के छोर पर पर्यटकों का मेला लग गया है। पर्यटक हिमपात का लुत्फ उठाकर रहे हैं। *एजेंसी*

### आशा भोसले को हार्ट अटैक, हालत गंभीर



**मुंबई।** बॉलीवुड की दिग्गज सिंगर आशा भोसले को शनिवार को हार्ट अटैक आया। उन्हें मुंबई के ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल के आईसीयू में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। फिलहाल डॉक्टरों की टीम उनकी निगरानी कर रही है, लेकिन उनकी हालत को लेकर अस्पताल या परिवार की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। आशा भोसले ने 8 सितंबर 2025 को अपना 92वां जन्मदिन मनाया था। *एजेंसी*

**'समता विनियम-2026' पर विवाद**

## यूजीसी सचिव प्रोफेसर मनीष जोशी का इस्तीफा



**नई दिल्ली (हरिभूमि ब्यूरो)।** बिना किसी उच्च-स्तरीय वार्ता या सरकार की मंजूरी के देशभर के उच्च-शिक्षण संस्थानों में छात्रों और अध्यापकों के खिलाफ किसी भी तरह के भेदभाव को समाप्त करने के लिए बनाए गए 'समता विनियम-2026' को लागू करना विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के सचिव प्रोफेसर मनीष. आर. जोशी को बहुत भारी पड़ गया। बीते शुक्रवार को उन्होंने अचानक अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। यूजीसी के मुताबिक, उनके इस्तीफे को स्वीकार कर लिया गया है और उनकी नियुक्ति महाराष्ट्र में उनके मूल विभाग में कर दी गई है। शनिवार को आयोग में उनका अंतिम कार्य दिवस रहा।

**हाथ, मुंह, पैर से उधेड़ा मांस...**

## आवारा कुत्तों के झुंड ने मासूम को नोंचा



**सिरसा (हरिभूमि न्यूज)।** नाथूसरी चौपटा कस्बे में आवारा कुत्तों के झुंड ने एक बच्चे पर हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। कुत्ते करीब 4-5 मिनट तक बच्चे के शरीर को नोंचते रहे। बच्चे का हाथ, मुंह, पैर, सीना, जांघ, गर्दन और सिर सहित पूरा शरीर लहूलुहान हो गया। राहगीरों व परिजनों ने बड़ी मुश्किल से बच्चे को कुत्तों के झुंड से छुड़वाया और उसे उपचार के लिए सिरसा के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया। गांव रामपुरा ढिल्लों के राजकीय प्राथमिक स्कूल से छुट्टी होने पर वापस लौट रहे गांव निवासी रामलाल के नौ वर्षीय बेटा कर्ण पर कुत्तों ने हमला बोल दिया। गांव के सरपंच रविल सिंवर ने बताया कि गांव में बड़ी संख्या में आवारा कुत्ते हैं।

**करनाल में एसीबी की कार्रवाई...**

## डेढ़ लाख रिश्वत लेते फॉरेस्ट अफसर गिरफ्तार

**करनाल (हरिभूमि न्यूज)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई करते हुए वन विभाग के एक फॉरेस्ट अधिकारी चांदवीर को रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी किसान को डरा-धमकाकर उस पर 15 लाख जुर्माना लगाने की धमकी दे रहा था। इसके बदले में पैसे की मांग कर रहा था। जानकारी के अनुसार, असंध क्षेत्र के जींद रोड पर किसान अपने खेत में फार्म हाउस बनाने के लिए रास्ता तैयार करवा रहा था। इसी दौरान फॉरेस्ट अधिकारी चांदवीर मौके पर पहुंचा और किसान पर सरकारी जमीन कब्जाने व पेड़ काटने के आरोप लगाकर उसे डराने लगा और पैसों की डिमांड की।



■ किसान को 15 लाख के जुर्माने की दी धमकी

**विदेश से कारोबारियों को धमकी देकर मांगता था रंगदारी**

# थाईलैंड से डिपोर्ट कर भारत लाया गया मोस्ट वांटेड शूटर साहिल चौहान

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा और एनसीआर में कई अपराधों को अंजाम देने वाले गैंगस्टर साहिल चौहान को हरियाणा स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) थाईलैंड से ले आई है। साहिल चौहान को विदेश से प्रत्यर्पण कराया गया। इसे बीते दिनों थाईलैंड में गिरफ्तार कर लिया गया था। बताया गया कि उसे डिपोर्ट करने की कई दिनों से प्रक्रिया चल रही थी। गैंगस्टर शनिवार सुबह दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचा, जहां से एसटीएफ टीम उसे लेकर भोंडसी मुख्यालय पहुंची। साहिल चौहान हरियाणा के विभिन्न जिलों में दर्ज 16 आपराधिक मामलों में शामिल हैं। इन मामलों में हत्या, हत्या का प्रयास, डकैती, रंगदारी और आर्म्स एक्ट के उल्लंघन जैसे गंभीर अपराध शामिल हैं।

**हरियाणा में दर्ज हैं 16 आपराधिक मामले**

### कुख्यात भुप्पी राणा गैंग से जुड़ा

जानकारी के अनुसार, साहिल एनआईए के रडार पर था और आतंक-गैंगस्टर गठजोड़ के मामले में भी वांछित था। यह विदेश में बैठकर इंटरनेट मीडिया और विदेशी मोबाइल नंबरों से हरियाणा के कारोबारियों को धमकी देकर उनसे करोड़ों की रंगदारी मांगता था। साहिल चौहान की क्राइम कुंडली का सबसे बड़ा अध्याय भारत के कुख्यात भुप्पी राणा गैंग से जुड़ा है।

### जगाधरी कोर्ट परिसर में की थी फायरिंग

साहिल 4 जनवरी 2017 को यमुनानगर के जगाधरी कोर्ट परिसर में हुई फायरिंग में शामिल था। उस दिन कुख्यात बदमाश मोनू राणा को पेशी के लिए लाया गया था। जैसे ही मोनू राणा कोर्ट परिसर में पहुंचा, साहिल चौहान और उसके साथियों ने फिल्मी स्टाइल में ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी।

**परफ्यूम डालकर बदबू मिटाता रहा**

## मेरठ में बेटी की लाश के साथ 4 महीने रहा पिता

एजेंसी ▶▶| मेरठ

- पैर छोड़कर पूरी बॉडी कंकाल बन चुकी थी, घटना का पता उस समय चला जब घर पर रिश्तेदार पहुंचे
- एक दिसंबर 2025 को प्रियंका की बीमारी की वजह से हुई थी मौत

मेरठ में एक पिता बेटी की लाश के साथ 4 महीने तक घर में रहा। लाश बुरी तरह से सड़ चुकी थी। बेटी टीचर थी, उसके साथ रहने की जिद में पिता उससे अलग नहीं होना चाहता था। वह लाश की बदबू छिपाने के लिए उस पर परफ्यूम स्प्रे करता रहा। लड़की की पूरी बॉडी कंकाल बन चुकी थी, सिर्फ पैर ही बचा था। घटना का पता उस समय चला जब घर पर रिश्तेदार पहुंचे। मूलरूप से बंगाल के रहने वाले उदय भानु बिस्वास (76) काशी में शिक्षा विभाग में कार्यरत थे। बोर्ड ऑफिस में प्रशासनिक अधिकारी के पद पर तैनात थे। 2010 में रिटायर हुए थे। सदर के तेली मोहल्ले में पतली सी गली में खुद का छोटा-सा 2 कमरों का मकान है। अपनी बेटी प्रियंका बिस्वास (35) के साथ रहते हैं। पत्नी शर्मिष्ठा (59) की 13 साल पहले मौत हो चुकी है। 1 दिसंबर 2025 को प्रियंका की बीमारी की वजह से मौत हो गई थी।

**भारत केवल पूंजी या पॉलिसी के दम पर 10 ट्रिलियन डॉलर इकॉनोमी नहीं बन सकता**

# अर्थव्यवस्था में भरोसेमंद कानून की भूमिका अहम : सीजेआई सूर्यकांत

*यह सिर्फ एक लक्ष्य नहीं, बल्कि देश के भविष्य से जुड़ा बड़ा सवाल*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि भारत को 10 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनॉमी बनाने के लिए सिर्फ पूंजी और पॉलिसी काफी नहीं होंगी। इसके लिए मजबूत और भरोसेमंद कानूनी व्यवस्था भी उतनी ही जरूरी होगी। निवेशकों का भरोसा इसी पर टिका होता है। जस्टिस सूर्यकांत शनिवार को बार एसोसिएशन ऑफ इंडिया के 'रूल ऑफ लॉ कन्वेंशन 2026' में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक लक्ष्य नहीं, बल्कि देश के भविष्य से जुड़ा बड़ा सवाल है और इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। उन्होंने भरोसा जताया कि देश इस चुनौती को पूरा करेगा, लेकिन इसके लिए कानून की गुणवत्ता, स्थिरता और पारदर्शिता जरूरी होगी, क्योंकि इसी पर आर्थिक वादों और निवेश का आधार टिका होता है।



- निवेशकों का भरोसा इसी पर टिका होता है, इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता
- इसके लिए कानून की गुणवत्ता, स्थिरता और पारदर्शिता जरूरी होगी

### लंबी अवधि के निवेश की जरूरत

सीजेआई ने कहा कि अब भारत को ऐसे निवेश की जरूरत है जो जल्दी मुनाफा कमाने के लिए नहीं, बल्कि लंबे समय तक टिके रहने वाले हों और भरोसे पर आधारित हों। जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर में पेंशन फंड का पैसा लगाना, टेक कंपनियों का अपना ज्ञान साझा करना या बड़ी विदेशी कंपनियों का सप्लाई चेन बनाना- ये सब लंबे समय की जिम्मेदारियां होती हैं। उन्होंने कहा कि निवेशक सबसे पहले ये देखते हैं कि जिस देश में वे पैसा लगा रहे हैं, वहां का कानून आगे भी ईमानदार, स्थिर और भरोसेमंद रहेगा या नहीं। उनके मुताबिक असली बात सिर्फ कॉन्ट्रैक्ट निभाने की नहीं है, बल्कि पूरे रिश्ते में भरोसा बनाए रखने की है।

### बिजनेस विवादों का नेचर बदल गया

उन्होंने ये भी बताया कि पिछले 20 साल में बिजनेस विवादों का नेचर बदल गया है। पहले झगड़े आम तौर पर पेमेंट या सामान की सप्लाई जैसे सीधे मुद्दों पर होते थे, लेकिन अब ये लंबे और जटिल कारोबारी रिश्तों से जुड़े होते हैं, क्योंकि अर्थव्यवस्था भी बड़ी और जटिल हो गई है। सीजेआई ने कहा कि अब कानून की जिम्मेदारी सिर्फ समझौते के वक्त तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि पूरे कारोबारी रिश्ते के दौरान भी न्याय बना रहना चाहिए।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किसानों से किया सीधा संवाद

# गेहूं खरीद का जायजा लेने फील्ड में उतरे सीएम किसान बोले- फसल बेचने में नहीं कोई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को कुरुक्षेत्र के बाबैन अनाज मंडी का दौरा कर गेहूं खरीद व्यवस्था का निरीक्षण किया और किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार फसल खरीद प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी, सुरक्षित और किसान हितैषी बनाने के लिए लगातार सुधार कर रही है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि किसानों की फसल का एक-एक दाना खरीदना सरकार की प्राथमिकता है। इस उद्देश्य से तीन-स्तरीय फसल सत्यापन प्रणाली लागू की गई है, जिससे खरीद केंद्रों पर लाई गई फसल का सही मिलान सुनिश्चित किया जा सके। इस दौरान उन्होंने किसानों को सम्मानित भी किया। किसानों ने भी सरकार की नई व्यवस्था पर संतोष जताते हुए बताया कि मंडियों में उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा। सरकार ने खरीद प्रक्रिया को सुचारु बनाने के लिए प्रत्येक मंडी में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की है और वरिष्ठ अधिकारियों को नियमित निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



### महात्मा ज्योतिबा फुले की शिक्षाओं पर चल रही सरकार

कुरुक्षेत्र। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार महात्मा ज्योतिबा फुले की शिक्षाओं पर चलते हुए प्रदेश को शिक्षित, स्वस्थ, सुरक्षित और स्वावलंबी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। सीएम बाबैन में सैनी सभा द्वारा आयोजित महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती समारोह एवं सावित्रीबाई ज्योतिबा फुले ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के शिलान्यास के मौके पर संबोधित कर रहे थे।

## विकसित दादरी रैली में मुख्यमंत्री ने 540 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया



चरखी दादरी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चरखी दादरी में आयोजित विकसित दादरी रैली के दौरान करीब 540 करोड़ रुपये की 43 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इन योजनाओं का उद्देश्य जिले में बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और जनसुविधाओं का विस्तार करना है। मुख्यमंत्री ने लगभग 230 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन किया, जिनमें मिनी सचिवालय, जिला स्तरीय स्टेडियम, बाल भवन और विभिन्न जल आपूर्ति योजनाएं शामिल हैं। वहीं, करीब 310 करोड़ रुपये की लागत से कई नई परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई। इनमें सड़कों का निर्माण व चौड़ीकरण, कृषि भवन, आईटीआई, पॉली-क्लिनिक और सिंचाई से जुड़ी योजनाएं प्रमुख हैं।

### स्टार्टअप्स को बढ़ावा दे रही सरकार : नायब

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा स्टार्टअप्स की संख्या में देश का सातवां सबसे बड़ा राज्य बन गया है। चंडीगढ़ में आयोजित टीआईईसीओएन सम्मेलन में उन्होंने बताया कि राज्य में 9500 से अधिक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स हैं, जिनमें लगभग आधी महिलाओं द्वारा संचालित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार उद्यमियों को आर्थिक सहायता, मार्गदर्शन और सुविधाएं प्रदान कर रही है। फूड प्रोसेसिंग, परिवहन तंत्र और विद्युत वाहन क्षेत्र में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा अब कृषि प्रधान राज्य से आगे बढ़कर नवाचार और उद्योग का प्रमुख केंद्र बन रहा है। समिट में कई राज्यों के उद्योगपति हिस्सा ले रहे है।

## सोशल मीडिया पर गन कल्चर बर्दाश्त नहीं

चंडीगढ़। पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल ने राज्य में सोशल मीडिया पर गन कल्चर और अशोभनीय एवं भ्रामक कंटेंट परोसने वालों को स्पष्ट चेतावनी दी है कि ऐसे किसी भी कंटेंट को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं



किया जाएगा और ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। सोशल मीडिया पर 1 जनवरी 2026 से 10 अप्रैल 2026 के बीच आपत्तिजनक, भ्रामक और कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने वाले कुल 6083 यूआरएल, कंटेंट, ऐप्स, वेबसाइट्स को हटवाया गया है। विस्तृत आंकड़ों के अनुसार मेटा (फेसबुक, इंस्टाग्राम, वॉट्सएप) से जुड़े 4278, यू ट्यूब से 1172, एक्स (पूर्व में ट्विटर) से 372, अन्य प्लेटफॉर्म्स से 167, टेलीग्राम से 53, रेडिट से 36 तथा स्नैपचैट से 5 आपत्तिजनक कंटेंट को हटाया गया है।

### बिजली कंपनियों ने सरचार्ज वसूली के लिए नियमों में मांगी ढील

चंडीगढ़। हरियाणा की बिजली वितरण कंपनियों -उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम और दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम ने फ्यूल एंड पावर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज की वसूली के मौजूदा नियमों में बदलाव की मांग करते हुए हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग का दरवाजा खटखटाया है। हालांकि, आयोग ने इस पर तुरंत कोई फैसला न लेते हुए पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए सार्वजनिक जनसुनवाई का रास्ता चुना है। डिस्कॉम ने आयोग के समक्ष याचिका दायर कर वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 'मल्टी ईयर टैरिफ' विनियम-2024 के नियम 68 में ढील देने का अनुरोध किया है। वर्तमान नियम के अनुसार, ईंधन और बिजली खरीद की अतिरिक्त लागत की वसूली मासिक आधार पर की जाती है।

## न्यूज डायरी

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के विकास में मील का पत्थर साबित होगा

चंडीगढ़। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि केंद्र



सरकार द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 को लागू करने की दिशा में तेजी से कार्य हो रहा है। इसको लागू करने के लिए आगामी 16, 17 और 18 अप्रैल को संसद का विशेष सत्र बुलाया जा रहा है। इस अधिनियम के प्रति जन जागरूकता लाने के लिए आज 11 अप्रैल से अभियान शुरू किया गया है स्वास्थ्य मंत्री पंचकूला में इस अभियान की शुरुआत करने के बाद मीडिया से बात कर रही थी।

### बेटियों के सम्मान का राष्ट्रीय संकल्प

पंचकूला। भारत की लोकतांत्रिक यात्रा में नारी शक्ति वंदन



अधिनियम एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने वाला यह संवैधानिक संशोधन केवल एक कानून नहीं, बल्कि देश की करोड़ों माताओं, बहनों और बेटियों के सम्मान का राष्ट्रीय संकल्प है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह सपना साकार हुआ है।

### अस्पतालों में व्यापक सुधार के आदेश

चंडीगढ़। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने हरियाणा के सभी सरकारी अस्पतालों के व्यापक सुधार के आदेश दिए हैं। मिश्रा ने सभी जिला उपायुक्त, सिविल सर्जन, सरकारी मेडिकल कॉलेज निदेशक और सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट को भेजे एक पत्र में कहा है कि लापरवाही, देरी या टालमटोल करने पर तुरंत प्रशासनिक एक्शन लिया जाएगा और संबंधित अधिकारियों की व्यक्तिगत जवाबदेही तय की जाएगी। नियमित सफाई सहित अन्य काम होंगे।

## किसानों की फसल को बिकने से साजिशन रोका जा रहा : ढांडा

चंडीगढ़। हरियाणा की मंडियों में अव्यवस्थाओं से परेशान आंदोलनरत किसानों का समर्थन करते हुए आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने सीएम नायब सिंह पर तीखे हमले किये हैं। ढांडा ने आरोप लगाते हुए कहा है कि किसानों की फसल को बिकने से साजिशन रोका जा रहा है। गेट पास से लेकर बिक्री तक हर कदम पर कोई न कोई अड़ंगा अड़ा कर किसान को तंग किया जा रहा है। प्रदेश भर की मंडियों में नायब सरकार की व्यवस्था की पोल खुल गई है। जिस कारण आज प्रदेशभर का किसान आंदोलन करने को



मजबूर है। किसानों से लेकर आढ़ती तक नए खरीद नियमों और अव्यवस्थाओं के कारण परेशान हो गए हैं। अनुराग ढांडा ने कहा कि आज हरियाणा का किसान सड़कों पर जाम लगाकर आंदोलन कर रहा है हाईवे बंद किए गए और टोल पर कब्जा किया गया है तो इसकी वजह खुद सरकार हैं। किसानों को मंडियों में सरसों का सीजन शुरू होने से लेकर आज तक लगातार तंग किया जा रहा है। फसल खरीद की नई प्रक्रिया और नियम इस तरह तैयार किए गए हैं कि किसान मंडियों में प्रवेश ही न कर पाए और अगर कर पाए तो फसल न बेच पाए।

### बिजली निगमों में इंटर यूटिलिटी ट्रांसफर पर रोक

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने हरियाणा के बिजली वितरण निगमों उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम और दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के बीच इंटर-यूटिलिटी ट्रांसफर पर महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए स्पष्ट कर दिया है कि ऐसी ट्रांसफर सामान्य रूप से अनुमन्य नहीं होंगी। हालांकि, कोर्ट ने नीति के उस हिस्से को असंवैधानिक ठहराते हुए रद्द कर दिया, जिसमें केवल ग्रुप सी और डी कर्मचारियों पर ही यह प्रतिबंध लागू किया गया था।जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ की एकल पीठ ने नीति की समीक्षा करते हुए कहा कि किसी भी कर्मचारी वर्ग के साथ पद के आधार पर भेदभाव करना संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है।

### डिजिटल अरेस्ट के आरोपी को हाईकोर्ट से जमानत

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने एक डिजिटल अरेस्ट साइबर ठगी मामले में अहम टिप्पणी करते हुए आरोपित को नियमित जमानत दे दी है। अदालत ने स्पष्ट किया कि आरोपों की गंभीरता के बावजूद आरोपित की भूमिका सीमित होने और जांच पूरी हो जाने के मद्देनजर उसे निरंतर हिरासत में रखना उचित नहीं है।जस्टिस मनीषा बत्रा की एकल पीठ आरोपित विक्रम सिंह की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। यह मामला उस साइबर ठगी से जुड़ा है, जिसमें एक सेवानिवृत्त प्रिंसिपल को वीडियो काल और फोन के जरिए डिजिटल अरेस्ट में रखकर करीब 3.03 करोड़ रुपये ठग लिए गए थे। मामले के अनुसार, 3 जनवरी 2025 को पीड़िता से आरोपियों ने ठगी की थी।

### स्व-गणना प्रक्रिया में हिस्सा लें : राज्यपाल

चंडीगढ़। राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष से शुक्रवार को जनगणना एवं नागरिक पंजीकरण निदेशालय के अधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की और उन्हें जनगणना 2027 से संबंधित तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान जनगणना गतिविधियों का कैलेंडर भी जारी किया गया। अधिकारियों ने बताया कि हरियाणा में 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक स्व-गण ना की सुविधा उपलब्ध रहेगी। नागरिक मोबाइल, टैबलेट या कंप्यूटर के माध्यम से घर बैठे अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे। इसके बाद 1 मई से 30 मई तक मकान सूचीकरण और गणना के लिए प्रगणक घर-घर जाकर सर्वे करेंगे।राज्यपाल ने जनगणना विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह दुनिया की सबसे बड़ी प्रशासनिक प्रक्रिया है।

## केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने पुनात्सांगछू जलविद्युत परियोजनाओं का निरीक्षण किया



चंडीगढ़। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने भूटान दौरे के दूसरे दिन पुनात्सांगछू-I और पुनात्सांगछू-II जलविद्युत परियोजनाओं का निरीक्षण किया और महत्वपूर्ण समारोह में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने पुनात्सांगछू-I परियोजना स्थल पर बांध निर्माण के लिए कंक्रीट डालने के समारोह में हिस्सा लिया। यह परियोजना भारत और भूटान के बीच सबसे बड़ी संयुक्त जलविद्युत योजनाओं में शामिल है, जिसके पूर्ण होने पर भूटान की बिजली उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। उन्होंने दोनों देशों के इंजीनियरों और विशेषज्ञों के समन्वित प्रयासों की सराहना की और परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। इसके बाद उन्होंने पुनात्सांगछू-II परियोजना का भी दौरा किया, जिसका संयुक्त उद्घाटन नरेन्द्र मोदी और जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक द्वारा 11 नवंबर 2025 को किया गया था।




# किसानों ने फसलों की नई खरीद नीतियों के खिलाफ कई जिलों में किया हाइवे जाम

## ▶▶ हांसी में टोल कब्जाया ▶▶ हिसार में पुलिस से नोकझोंक ▶▶ यमुनानगर में डीसी ऑफिस के नजदीक जाम लगाया ▶▶ करनाल में रास्ता बंद किया ▶▶ उचाना में हाइवे जाम किया

**हिसार में एंबुलेंस, स्कूली बच्चों, इमरजेंसी सेवाओं और सैनिकों के वाहनों को दिया रास्ता**

हरिभूमि टीम ▶▶ हरियाणा


**फतेहाबाद।** फसलों की नई खरीद नीतियों के खिलाफ रोड पर धरना देते किसान।

प्रदेश में रबी सीजन की फसल खरीद से जुड़े नए नियमों के विरोध में शनिवार को किसानों ने बड़े स्तर पर प्रदर्शन करते हुए कई जिलों में सड़क और हाइवे जाम कर दिए। संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले हुए इस आंदोलन का असर राज्य के अलग-अलग हिस्सों में देखने को मिला, जहां सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक किसान सड़कों और अनाज मंडियों में डटे रहे। सबसे ज्यादा असर हांसी में देखने को मिला, जहां किसानों ने रामायण टोल प्लाजा पर कब्जा कर लिया और सभी लेन बंद करा दीं। टोल पर तैनात अधिकारियों और मौके पर पहुंचे डीएसपी के साथ किसानों की तीखी बहस भी हुई। किसानों ने यहां से गुजरने वाली प्राइवेट बसों को भी वापस लौटा दिया, जिससे यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया। वहीं हिसार में नेशनल हाइवे पर जाम लगाने पहुंचे किसानों की पुलिस के साथ नोकझोंक हो गई। इस दौरान रोडवेज बसों समेत कई वाहन करीब दो घंटे तक जाम में फंसे रहे। हालात ऐसे बने कि कुछ यात्रियों को बस से उतरकर पैदल ही अपने गंतव्य की ओर जाना पड़ा। करनाल जिले के असंध क्षेत्र में 709-ए हाइवे को किसानों ने जाम कर दिया।

### भावदीन और खुइया मलकाना टोल पर प्रदर्शन

सिरसा के भावदीन टोल प्लाजा व खुइया मलकाना टोल प्लाजा के पास रोड जाम कर सरकार द्वारा फसल खरीद को लेकर बनाए गए नए नियमों के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया। किसानों ने करीब चार घंटे तक रोड जाम रखा जिससे वाहन चालकों को काफी परेशानी हुई।

### रामायण टोल पर किसानों ने कब्जा किया

हांसी में रामायण टोल पर किसानों ने कब्जा कर सभी लेन बंद करा दी है। मौके पर पहुंचे डीएसपी से किसानों की बहस भी हुई। किसानों ने प्राइवेट बसों को टोल से ही वापस लौटा दिया। वहीं हिसार में नेशनल हाईवे पर जाम लगाने पहुंचे किसानों की पुलिस से नोकझोंक हुई। यहां रोडवेज बस सहित कई वाहन दो घंटे तक फंसे रहे। कुछ यात्री बस से उतरकर पैदल ही चल दिए।

### रतनगढ़ के सामने किसानों ने रास्ता बंद किया

उधर, करनाल के असंध में 709-ए और सोनीपत में रतनगढ़ गांव के सामने किसानों ने रास्ता बंद कर दिया। फतेहाबाद के रतिया में भी किसानों ने रास्ता जाम किया। यहां किसानों ने एम्बुलेंस के लिए रास्ता छोड़ा था। निकलते समय एम्बुलेंस साइड से ट्राली से टकरा गई, जिसमें एम्बुलेंस का शीशा टूट गया।

### रोहतक, भिवानी, पानीपत, कैथल और जींद में भी विरोध

इसके अलावा रोहतक, भिवानी, पानीपत, कैथल, यमुनानगर और पंचकूला में भी किसानों ने धरना-प्रदर्शन किए। किसानों का कहना है कि सरकार द्वारा फसल खरीद के लिए लागू की गई नई शर्तें खासतौर पर ओटीपी आधारित प्रक्रियाएं अनुचित और किसानों के लिए परेशानी बढ़ाने वाली हैं। उनका आरोप है कि ये नियम छोटे और मध्यम किसानों के लिए व्यावहारिक नहीं हैं और इससे फसल बेचने में दिक्कतें आएंगी। किसान संगठनों ने चेतावनी दी है कि अगर सरकार ने इन शर्तों को वापस नहीं लिया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

**» चोपटा में की थी वारदात, मोटरसाइकिल बरामद**

# दंपति से लूटपाट करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार, गांव में परेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चोपटा


**सिरसा।** आरोपियों को गांव में घुमाती पुलिस।

गांव ढूकड़ा में दंपति को बंधक बनाकर लूटपाट करने के आरोप में पकड़े गए तीन आरोपियों की शनिवार को गांव जामल में परेड निकाली। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गांव के बस अड्डा से लेकर में पूरे गांव में घुमाया। गौरतलब है कि पुलिस ने गांव ढुकड़ा में हुई लूट की वारदात को सुलझा लिया है। इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जमाल पुलिस चौकी प्रभारी ने बताया कि ढुकड़ा निवासी गोपीराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि तीन नकाबपोश युवक उसकी ढाणी में घुस आए। आरोपियों ने उसे और उसकी पत्नी के साथ मारपीट की तथा दोनों को कमरे में बंधक बना दिया। इसके बाद आरोपियों ने घर की तलाशी ली, लेकिन कोई कीमती सामान न मिलने पर उसकी पत्नी के कानों की बालियां और नाक का कोका छीन लिया। जाते समय आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने तीन युवकों को गांव बकरियांवाली से काबू कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों दीपक, मदन और जगदीप की पूरे गांव में परेड करवाई गई। आरोपियों में एक युवक गांव का ही निकला जिसने इस घटना की योजना बनाई। आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई है।

# कुरुक्षेत्र जेल की वीडियो वायरल, गैंग से जुड़े आरोपी पर केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

जेल के अंदर की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला सामने आया है। जांच में पता चला कि यह वीडियो जिला जेल कुरुक्षेत्र में बनाई गई थी। इसे बंबीहा गैंग से जुड़े आरोपी दिलबर और उसके साथी अंकित ढांडा ने इंस्टाग्राम पर अपलोड किया था। पुलिस के अनुसार, वीडियो के जरिए युवाओं को अपराध की ओर आकर्षित करने की कोशिश की गई। दिलबर पहले से हत्या, लूट व अन्य मामलों में आरोपी है और वह 2023-24 के दौरान कुरुक्षेत्र जेल में बंद रहा था। अंबाला पुलिस की जांच के बाद मामला कुरुक्षेत्र ट्रांसफर किया गया, जहां थाना सिटी थानेसर में दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# रोहतक में रोड़ी क्रेशर दुकानदार पर फायरिंग, मुंह में लगी गोली


घायल प्रवीन

**न कोई रंजिश न झगड़ा, फिर भी क्यों की वारदात, बड़ा सवाल**

**रोहतक।** गोहाना रोड स्थित रोडी क्रेशर स्टोर पर बैठे दुकानदार पर एक युवक ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। एक गोली युवक के मुंह में लग गई। वारदात को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल को पीजीआई में भर्ती कराया गया है। हमलावर सीसीटीवी में कैद हुआ है। जिसकी तलाश की जा रही है। प्रारम्भिक जांच पड़ताल में पता चला है कि आरोपी राजेंद्र नगर का रहने वाला है और अक्सर दुकान पर आता रहता था। हालांकि परिजनों ने युवक से किसी प्रकार की रंजिश होने की बात को अभी नकार दिया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। 32 वर्षीय प्रवीन कुमार का गोहाना रोड पर राजलक्ष्मी सीमेंट-सरिया स्टोर है। प्रवीण सुबह करीब साढ़े 9 बजे स्टोर पर मौजूद था। तभी एक युवक ने उस पर फायरिंग कर दी।

**» गेहूं कटाई के लिए कंबाइन ढूंढ़ने गया था युवक**

# नहर में गिरने से पूर्व सरपंच के बेटे की दर्दनाक मौत


गुरदास सिंह

**नहर किनारे उतरा, उसका पैर फिसल गया और वह तेज बहाव में बह गया**

**रतिया।** क्षेत्र के गांव ब्राह्मणवाला में एक दर्दनाक हादसे में पूर्व सरपंच के इकलौते बेटे की नहर में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान 35 वर्षीय गुरदास सिंह के रूप में हुई है। वह शुक्रवार शाम गेहूं की कटाई के लिए कंबाइन का प्रबंध करने घर से निकला था, लेकिन रास्ते में हादसे का शिकार हो गया।जानकारी के अनुसार, गुरदास सिंह पड़ोसी गांव नंगल की ओर जा रहा था। रास्ते में नंगल और हाकमवाला के बीच अपने खेतों के पास उसे प्यास लगी। पानी पीने के लिए जैसे ही वह नहर किनारे उतरा, उसका पैर फिसल गया और वह तेज बहाव में बह गया। देर शाम उसका शव नंगल के पास नहर किनारे से बरामद हुआ। मृतक पूर्व सरपंच जरनैल सिंह का इकलौता बेटा था और खेतीबाड़ी का काम संभाल रहा था।

**» डीघल में की थी वारदात**

# फाइनेंसर साहिल हत्याकांड में आरोपी नोएडा से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर


**झज्जर।** आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

झज्जर के गांव डीघल में 8 अप्रैल को हुए फाइनेंसर साहिल हत्याकांड में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान शिवम निवासी सराय काले खां, नई दिल्ली के रूप में हुई है, जिसे नोएडा सेक्टर-37 से काबू किया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी को अदालत में पेश कर 4 दिन के रिमांड पर लिया गया है, जहां उससे पूछताछ की जा रही है। जांच में सामने आया है कि उसकी दोस्ती मामले से जुड़े अन्य संदिग्ध युवकों से थी। गौरतलब है कि साहिल को गांव में झोपड़ी में साथियों के साथ बैठे दौरान गोली मारी गई थी, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# डॉ. आंबेडकर जयंती पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन पहुंचेंगे पंचकूला

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने कार्यक्रम स्थल का किया दौरा
- अधिकारियों को दिए जरूरी दिशा-निर्देश



**चंडीगढ़।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने पंचकूला सेक्टर-5 परेड ग्राउंड में 14 अप्रैल को होने वाले डॉ. भीम राव आंबेडकर जयंती राज्य स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया और जरूरी निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।बड़ौली ने बताया कि कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि होंगे। उन्होंने कहा कि यह आयोजन भव्य और ऐतिहासिक होगा। 14 अप्रैल को पूरे प्रदेश में आंबेडकर जयंती श्रद्धा और उत्साह से मनाएगी।

हरियाणा सरकार



"सरकार हर जरूरतमंद परिवार को घर उपलब्ध कराने के लक्ष्य को लेकर पूरी प्रतिबद्धता के साथ तेज गति से आगे बढ़ रही है।"
- नरेन्द्र मोदी

**मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0**

हरियाणा में 11 जिलों की 55 ग्राम / महाग्राम पंचायतों में
दिनांक 13.04.2026 को दोपहर 12:00 बजे ड्रॉ के माध्यम से आवासीय प्लॉटों का आवंटन
(तीसरे चरण में)

| क्रमांक | जिला | ग्राम पंचायत की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | अम्बाला | 2 |
| 2 | फतेहाबाद | 2 |
| 3 | झज्जर | 6 |
| 4 | जींद | 6 |
| 5 | करनाल | 12 |
| 6 | कुरुक्षेत्र | 4 |
| 7 | मेवात/नूंह | 5 |
| 8 | पलवल | 5 |
| 9 | रेवाड़ी | 1 |
| 10 | सिरसा | 1 |
| 11 | सोनीपत | 11 |
| | कुल | 55 |

- कुल 11 जिलों की 55 ग्राम पंचायत (52 नियमित ग्राम पंचायत तथा 3 महाग्राम पंचायत) महाग्राम पंचायत में 50 वर्ग गज तथा नियमित ग्राम पंचायत में 100 वर्ग गज का प्लॉट।
- ड्रॉ में घुमंतु जाति, विधवा तथा अनुसूचित जाति के आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी।

अब हरियाणा में होगा सबके घर का सपना पूरा

प्लॉटों का ड्रॉ संबंधित उपायुक्त / मुख्य कार्यकारी अधिकारी (जिला परिषद) द्वारा निर्धारित स्थानों पर किया जायेगा

अधिक जानकारी के लिए 0172-585852 पर कॉल करें और गांव की सूची देखने के लिए विभाग की वेबसाइट www.hfa.haryana.gov.in पर जाएं

हाउसिंग फॉर ऑल विभाग, हरियाणा
सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

## खबर संक्षेप

### कर्नाटक में खींचतान दिल्ली जाएंगे 20 'नेता'



**बेंगलुरु।** कर्नाटक की राजनीति में हलचल बढ़ी है। कैबिनेट फेरबदल की चर्चा के बीच सत्तारूढ़ कांग्रेस के 20 से ज्यादा वरिष्ठ विधायक दिल्ली जाने की तैयारी में हैं। यह अहम माना जा रहा है क्योंकि सरकार के 3साल पूरे हो चुके हैं और अब मंत्री पद को लेकर अंदरखाने हलचल बढ़ गई है। ये हाईकमान से मिलकर अपनी दावेदारी पेश करेंगे।

### पार्थ चटर्जी के घर ईडी ने की छापेमारी



**कोलकाता।** बंगाल में चुनाव की आहट के बीच ईडी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ अपना अभियान तेज कर दिया है। शनिवार सुबह केंद्रीय एजेंसी ने कोलकाता में दो अहम ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी शुरू की। इस कार्रवाई की जद में राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और जेल में बंद बिचौलिए प्रसन्न कुमार रॉय का दफ्तर आया है।

### अभिनेत्री सारा अर्जुन महाकाल मंदिर पहुंची

**उज्जैन।** हाल ही में रिलीज फिल्म धुरंधर-2 की अभिनेत्री सारा अर्जुन शनिवार तड़के श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचीं। उनके साथ पिता राज अर्जुन और मां सान्या भी मौजूद थीं। सारा ने नंदी हॉल से बाबा महाकाल के दर्शन किए। कर आशीर्वाद लिया। सारा अर्जुन पहली बार महाकाल मंदिर दर्शन के लिए पहुंचीं। सुबह करीब 4 बजे उन्होंने भस्म आरती में हिस्सा लिया और करीब दो घंटे तक आरती में शामिल रहीं। इस दौरान उन्होंने जय महाकाल के जयकारे लगाए।

### सीएआरआई बेंगलुरु को अंतरराष्ट्रीय मान्यता



**बेंगलुरु।** केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान बेंगलुरु ने जैव रसायन एवं रुधिर विज्ञान में आईएसओ 15189:2022 मान्यता प्राप्त कर अहम उपलब्धि हासिल की है। यह उपलब्धि इसे केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस) का पहला संस्थान बनाती है जिसे वैश्विक मान्यता मिली है।

## बिहार में मुख्यमंत्री के नाम पर हो रहा लगातार मंथन

# नाम लगभग तय..., भाजपा का मुख्यमंत्री होगा, जदयू से निशांत समेत दो डिप्टी सीएम

## जनता दल यूनाइटेड के सांसद रामप्रीत मंडल का बड़ा बयान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ पटना

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा सांसद बनने के बाद नई सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू होने वाली है। नीतीश की पार्टी जनता दल यूनाइटेड के सांसद रामप्रीत मंडल ने नई सरकार को लेकर बड़ा बयान दिया है।

उन्होंने कहा कि अगला मुख्यमंत्री भारतीय जनता पार्टी का होगा, यह लगभग फाइनल हो चुका है। उन्होंने कहा कि जदयू से दो डिप्टी सीएम बनाए जाने हैं, जिनमें से एक नीतीश के बेटे निशांत कुमार का नाम भी करीब-करीब तय हो गया है। झंझारपुर से जदयू सांसद रामप्रीत मंडल ने शनिवार को एक चैनल से बातचीत में बिहार में नई एनडीए सरकार का यह फॉर्मूला बताया।

उन्होंने कहा कि नया सीएम भाजपा से बनना तय है। अभी मुख्यमंत्री जदयू का है और भाजपा से दो डिप्टी सीएम हैं। नई सरकार में भाजपा का मुख्यमंत्री होगा, तो जदयू से दो डिप्टी सीएम होने हैं। हालांकि, नई सरकार को लेकर अभी तक कोई औपचारिक ऐलान नहीं किया गया है।

**जल्द औपचारिक ऐलान होगा**

नई सरकार पर नीतीश की पार्टी के सांसद ने कहा



जेडीयू सांसद रामप्रीत मंडल

### निशांत कुमार ने भी की कई बैठकें

मुख्यमंत्री नीतीश के बेटे निशांत ने एक महीने पहले ही राजनीति में कदम रखा था। इससे पहले वह सक्रिय राजनीति से दूर ही थे। नीतीश के राज्यसभा चुनाव में नामांकन के बाद निशांत ने जदयू की सदस्यता ग्रहण की थी। इसके बाद से वह पार्टी के क्रियाकलापों में सक्रिय रूप से हिस्सा ले रहे हैं।

### नीतीश जल्द देंगे इस्तीफा, फिर प्रक्रिया होगी शुरू

सीएण नीतीश कुमार जल्द ही अपने पद से इस्तीफा देने वाले हैं। वे राज्यसभा सांसद बन गए हैं। सत्ताधारी दलों के नेताओं का कहना है कि सीएम नीतीश के द्वारा एनडीए विधान मंडल की बैठक बुलाई जाएगी। इसमें सभी के सामने नीतीश अपने इस्तीफे का औपचारिक ऐलान करेंगे। फिर राज्यपाल के पास जाकर अपना त्यागपत्र दे देंगे। इसके बाद बिहार में नई सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।नए सीएम का चयन नीतीश के इस्तीफे के बाद होने वाली एनडीए विधायक दल की बैठक में होगा।

### भाजपा से सीएम रेस में 5 नेता



**सम्राट चौधरी:** भाजपा से सीएम की रेस में सबसे पहले डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी का नाम चल रहा है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, मंत्री दिलीप जायसवाल, विधायक संजीव चौरिया, सांसद संजय जायसवाल, पूर्व डिप्टी सीएम रेणु देवी का नाम भी रेस में है।

**मैं सीएम की रेस में नहीं**

### सिर्फ मुख्यमंत्री बदलेगा कैबिनेट का स्वरूप नहीं



केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने खुद को मुख्यमंत्री की रेस से बाहर कर दिया है। उन्होंने नई सरकार के स्वरूप पर भी अपडेट दिया है। केवल सीएम बदलेगा।

### ये भी नाम सीएम की रेस में



**विजय कुमार सिन्हा:** वे 5 बार के विधायक हैं, भूमिहार समुदाय से हैं और संघ से गहरे संबंध हैं। सिन्हा अनुभवी नेता हैं, जिनमें स्थिरता है और संगठन का नाम ऊंचा किया है।



**दिलीप जायसवाल:** 20 साल तक भाजपा के राज्य कोषाध्यक्ष रहे। जुलाई 2024 से दिसंबर 2025 तक बिहार अध्यक्ष और सिक्किम का भी इंचार्ज संभाल चुके हैं।



**नित्यानंद राय:** हाजीपुर से 4 बार विधायक रह चुके। 2016-2019 तक बिहार भाजपा अध्यक्ष रहे। 2014, 2019 और 2024 में उजियारपुर से सांसद बने। 2019 से केंद्रीय मंत्री हैं।



**मंगल पांडे:** 1988 में संध जॉइन की और 1998 में भाजपा में प्राथमिक सदस्य बने। 2013-2017 तक बिहार भाजपा अध्यक्ष भी रह चुके।

### सबसे ज्यादा श्रेयसी के नाम की अटकलें



सीएम बनने की लिस्ट में दो महिला उम्मीदवारों का नाम भी है। सबसे ज्यादा चर्चा खेल मंत्री और भाजपा नेता श्रेयसी सिंह की है। वे पूर्व सांसद दिग्विजय सिंह की बेटी हैं।

## अमेरिका-ईरान वार्ता में पाक की मध्यस्थता

# केंद्र की कूटनीति को जयराम ने बताया विफल, उठाए सवाल

### पाकिस्तान तो था पहलगाम हमले का आरोपी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में शांति बहाली की उम्मीदों के बीच कांग्रेस ने भारत सरकार की कूटनीतिक विफलताओं पर सवाल उठाए हैं। पार्टी ने विशेष रूप से इस बात पर चिंता व्यक्त की है कि कैसे पाकिस्तान, जिसे अप्रैल 2025 के पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत द्वारा अलग-थलग करने के प्रयास किए गए थे, अब अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है।

कांग्रेस नेता ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि अमेरिका-ईरान की बैठक इस्लामाबाद में शुरू हो रही है और पूरा विश्व, जिसमें भारत भी शामिल है, उम्मीद कर रहा है कि यह दोनों देशों के बीच एक स्थायी शांति प्रक्रिया की शुरुआत होगी, जो इजराइल की अपने पड़ोस में निरंतर आक्रामकता से पटरी से न उतरे।

### विश्वगुरु' के 'कथन' पर किया कटाक्ष

कांग्रेस नेता जयराम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अप्रत्यक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि यह स्थिति 'स्वयं-घोषित विश्वगुरु पर गंभीर सवाल खड़े करती है। उन्होंने कहा कि यह समझा जाना चाहिए कि पाकिस्तान ने पहलगाम जैसे कायराना आतंकी हमले में अपनी भूमिका के बावजूद और भारत द्वारा उसे अलग-थलग करने के लिए की गई कूटनीतिक पहलों के बावजूद यह नई भूमिका कैसे हासिल कर ली। कांग्रेस ने 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के बाद पाकिस्तान को अलग-थलग करने में डॉ. मनमोहन सिंह सरकार की सफलता का भी उल्लेख किया और इसे एक विशेष रूप से विनाशकारी विफलता बताया।

# ऐतिहासिक चंद्र यात्रा के बाद चार अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तालियों की गड़गड़ाहट और उत्साह के बीच नासा के 'आर्टेमिस-2' मिशन के चार अंतरिक्ष यात्री ऐतिहासिक चंद्र यात्रा पूरी करने के बाद प्रशांत महासागर में सुरक्षित उतर गए। यह 50 वर्षों से अधिक समय बाद चंद्रमा तक पहली मानव उड़ान है। अब नासा का लक्ष्य चंद्रमा पर मानव उतारने और वहां एक बस्ती बनाने का है। नासा के भारतीय मूल के सहायक प्रशासक अमित क्षत्रिय ने सैन डिएगो तट के पास शुक्रवार को पृथ्वी पर वापसी के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, चंद्रमा तक जाने का रास्ता खुल गया है।

## वंदे भारत में पथराव, खिड़की क्षतिग्रस्त केरल में पलक्कड़ के पास हुई घटना



**पलक्कड़।** केरल के पलक्कड़ में पत्थर फेंके जाने की घटना में एर्नाकुलम से बेंगलुरु जा रही वाली वंदे भारत ट्रेन की एक खिड़की मामूली रूप से क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना शुक्रवार को शाम करीब साढ़े चार बजे पलक्कड़ जिले में पराली के पास हुई। अधिकारी ने कहा, 'इस घटना में किसी को चोट नहीं आई लेकिन ट्रेन की एक खिड़की मामूली रूप से क्षतिग्रस्त हो गई।' उन्होंने बताया कि रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारी ने कहा, 'जांच के तहत जीआरपी और आरपीएफ की टीम पराली में मौजूद हैं।' उन्होंने कहा कि हो सकता है कि पत्थर मानसिक रूप से परेशान या नशे में धुत किसी व्यक्ति द्वारा फेंका गया हो।




# फुले के संघर्ष ने लाखों लोगों के जीवन में नई रोशनी जलाई: सीएम योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को समाज सुधारक ज्योतिबा फुले की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''महान समाज सुधारक, शोषितों और वंचितों के प्रखर स्वर महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि।/'' उन्होंने कहा, ''फुले ने हमें सिखाया कि समाज तब आगे बढ़ता है, जब हर व्यक्ति को शिक्षा, सम्मान और अवसर मिलते हैं। उनके संघर्ष ने लाखों लोगों के जीवन में नई रोशनी जलाई।'' योगी ने कहा, /''आइए, उनके विचारों को आगे बढ़ाते हुए एक समतामूलक और जागरूक समाज के निर्माण का संकल्प लें।/'' उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य तथा ब्रजेश पाठक ने भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

- उप्र के सीएम ने ज्योतिबा फुले की जयंती पर उन्हें दी श्रद्धांजलि

## मथुरा नाव हादसा

# देवराहा बाबा आश्रम के पास 1 शव और मिला, 11 की मौत

एजेंसी ▶▶ वृंदावन



यहां के केसीघाट और बंशीवट के बीच यमुना नदी में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा हुआ, जिसमें 37 श्रद्धालुओं से भरी मोटरबोट पांटून पुल से टकराकर पलट गई। इस दर्दनाक दुर्घटना में अब तक 11 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि कई अन्य लापता बताए जा रहे हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और अन्य बचाव दल युद्धस्तर पर लापता लोगों की तलाश में जुटे हुए हैं।

### मोटरबोट पुल से टकराई

यह हादसा तब हुआ जब लुधियाना, हिसार, मुक्तसर और जगरांव से आए श्रद्धालुओं का एक दल यमुना नदी की सैर कर रहा था। दोपहर के समय, केसीघाट और बंशीवट के बीच स्थित पांटून पुल के पास अचानक मोटरबोट लहराने लगी और पुल से जा टकराई। टक्कर के बाद नाव पलट गई, जिससे उसमें सवार श्रद्धालु यमुना के गहरे पानी में डूबने लगे और चीख-पुकार मच गई।

## राष्ट्रपति मुर्मू राजकोट एम्स व गांधीनगर आरआरयू के दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगी

**अहमदाबाद (भाषा)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 13 अप्रैल को गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर आएंगी और इस दौरान राजकोट तथा गांधीनगर में दो संस्थानों के दीक्षांत समारोहों में शामिल होंगी। अधिकारियों ने बताया कि 13 अप्रैल को राष्ट्रपति अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) राजकोट का दौरा करेंगी, जहां वह मुख्य अतिथि के रूप में संस्थान के पहले दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेंगी। उन्होंने कहा कि इस समारोह के दौरान, 2020 में दाखिला लेने वाले एमबीबीएस के पहले बैच के छात्रों को डिग्री प्रदान की जाएगी। संस्थान द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, कुल 49 छात्रों को एमबीबीएस की डिग्री प्रदान की जाएगी जबकि एक छात्र को विषाणु विज्ञान में 'पोस्ट-डॉक्टोरल सर्टिफिकेट' से सम्मानित किया जाएगा।

**IN THE COURT OF DR.AMAN INDER SINGH, CIVIL JUDGE (SENIOR DIVISION), KAITHAL.**

**PUBLICATION**

C.I.S. No. CM/58/2024
Date of Institution: 20.05.2024
CNR No.HRKH02-001125-2024
Next Date of Hearing: 03.07.2026 at 10:00 A.M.

M/s Satish Kumar Lajpat Rai Commission Agents, 932/17, Old Anaj Mandi Kaithal through its Prop. Lajpat Rai.
2) Lajpat Rai son of Banarsi Dass Prop. M/s Satish Kumar Lajpat Rai Commission Agents old anaj mandi Kaithal. ..... **Plaintiffs**

Vs

1) M/s Goverdhan Dass Narender Kumar commission Agents, NGM Kaithal through i) Amit Kumar Mangla son ii) Deepak Kumar Mangla son iii) Smt. Salochna Devi wd/o Sh. Narender Kumar iv) Smt. Angoori Devi w/o Tirloki Nath, all residents of Hno. 438/14, Sangodha Colony, Kaithal, 2) Amit Kumar Mangla son, 3) Deepak Kumar Mangla son 4) Smt. Salochna Devi wd/o Sh. Narender Kumar 5) Smt. Angoori Devi w/o Tirloki Nath, all residents of Hno. 438/14, Sangodha Colony, Kaithal ...**Defendants**

**Application for restoration of the suit (Recovery Suit) to its original number**

Whereas in the above noted petition, it has been proved to the satisfaction of this Court that the above named Respondent i.e. No 2, 4, and 5, can not be served in ordinary way of process. Hence, this publication notice is hereby issued against the above noted Respondent i.e. No. No 2, 4, and 5. If he/she/they want to contest this petition, he/she/they should appear in this court on 03.07.2026 at 10:00 A.M. personally or through duly instructed agent/pleader, failing which an exparte proceeding shall be taken against him/her/them.

Given under my hand and seal of the Court on dated 7th April, 2026.

**Sd/- (Dr. Aman Inder Singh) Civil Judge (Sr. Divn.), Kaithal, 07.04.2026**

## राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। |
| वृष | स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी। |
| मिथुन | मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे। |
| कर्क | आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। |
| सिंह | व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है। |
| कन्या | पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी। |
| तुला | मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी। |
| वृश्चिक | आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी। |
| धनु | आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे। |
| मकर | वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। |
| कुंभ | आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें। |
| मीन | परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है। |

**सूचना**


सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विशवसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# गलगोटिया यूनिवर्सिटी प्लेसमेंट रिपोर्ट : टॉप रिक्रूटर्स द्वारा 2026 में 4700+ ऑफर





**ग्रेटर नोएडा।** गलगोटिया विश्वविद्यालय ने 2026 बैच के लिए 4700+ प्लेसमेंट ऑफर के साथ एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया है। इससे करियर-संचालित शिक्षा और इंडस्ट्री की तैयारी के लिए एक प्रमुख संस्थान के रूप में इसने एक बार फिर अपनी मजबूत स्थिति को दर्शाया है। विश्वविद्यालय में टॉप रिक्रूटर्स की मजबूत भागीदारी लगातार जारी है, जो इसके मजबूत एकेडमिक इकोसिस्टम को दर्शाता है और रोजगार सक्षमता पर ध्यान केंद्रित करता है। इन्फोसिस, कैपजेमिनी, कॉग्निजेंट, सिटी यूनियन बैंक, एलटीएम, एक्सेंचर और ईवाई जैसे प्रमुख ऑर्गेनाइजेसंस ने इस विश्वविद्यालय से बड़ी संख्या में छात्रों की भर्ती की है, जो यहां के प्लेसमेंट की कसौटी और निरंतरता को प्रदर्शित करता है। प्लेसमेंट ड्राइव कौशल-आधारित लर्निंग और वास्तविक दुनिया की अपेक्षाओं के माध्यम से शिक्षाविदों और इंडस्ट्री के बीच की खाई को पाटने की संस्थान की क्षमता को उजागर करता है। विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट रिकॉर्ड बताते हैं कि वर्तमान वर्ष के लिए उच्चतम पैकेज 60 लाख रुपये सालाना दर्ज किया गया है।

# एसएमआरएससी 2026 में प्रोजेक्ट विमाना और प्रोजेक्ट ऑपेरियन लॉन्च



**नई दिल्ली।** भारत में आयोजित तीसरे ग्लोबल एसएसआई मल्टी-स्पेशियल्टी रोबोटिक सर्जरी कॉन्फ्रेंस 2026 के दौरान अत्याधुनिक चिकित्सा और रक्षा तकनीकों की ऐतिहासिक झलक देखने को मिली। इस अवसर पर एसएस इनोवेशंस इंटरनेशनल ने दो क्रांतिकारी तकनीकों प्रोजेक्ट विमाना और प्रोजेक्ट ऑपेरियन का अनावरण किया जो भविष्य की सर्जिकल और आपातकालीन चिकित्सा प्रणाली को नई दिशा देने वाली मानी जा रही हैं। तीन दिवसीय इस वैश्विक सम्मेलन में दुनिया भर के 1500 से अधिक डॉक्टरों और 250 से अधिक विशेषज्ञों ने भाग लिया। सम्मेलन में रोबोटिक सर्जरी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, टेली-सर्जरी और मोबाइल ऑपरेटिंग प्लेटफॉर्म जैसी अत्याधुनिक तकनीकों पर चर्चा की गई। इस दौरान एसएसआई मंत्रा-3 और मंत्रासन के माध्यम से 15 लाइव टेली-सर्जरी और 14 लाइव सर्जरी का सफल प्रदर्शन किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री श्री प्रतापराव जाधव की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर देश-दुनिया के कई प्रतिष्ठित विशेषज्ञ जैसे डॉ. नरेश त्रेहान, डॉ. संगीता रेड्डी, डॉ. फ्रेडरिक मोल, श्री मधुसूदन साई और डॉ. मायलस्वामी अन्नादुरई भी मौजूद रहे।

## शब्द पहेली - 6193



**बाएँसेदाए±**


1. बादलों की गड़गड़ाहट-4
3. नीरस, रस विहीन-4
8. नेपाल की इस नायिका ने फिल्म 'सौदागर' से अपना कैरियर शुरु किया था-3,4
10. कंठस्थ करना-3
11. जुड़वा-3
13. उक्ति,काव्य कृति-3
15. आने वाला दिन-2
17. पर,पराया,दूसरा-2
18. हाथ-2
19. कविता लिखने वाल-2
21. बजाने वाला-3
25. कक्ष,रूम-3
26. ठिकाना,नीड़-3
27. हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री-5,2
30. अभिप्राय-4
31. आतंकित होना-4

**ऊपर से नीचे**

2. तरुणाई,लड़कपन-3
4. सहायता,आधार-3
5. बीताना,यापन करना-4
6. दिखावा,पाखंड-4
7. जरुरत,स्वार्थ-3
8. राजी करना-3
9. योग्य-3
12. मसलना-3
13. इस चौथ को सुहागिन पति की रक्षा हेतु उपवास रखती हैं-3
14. सुगंध,लास-3
16. रोकड़ राशि-3
20. रुकना, स्थिर होना-3
22. विजय दशमी -4
23. भोर,सवेरा-3
24. सना हुआ,तर-4
25. छल,धोखा-3
28. अनुकृति-3
29. श्रंगार -3

### शब्द पहेली - 6192 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ति | आ | व | श्य | क | | का | रा | वा | स |
| ज | ल | | र | | म | छ | ली | | र | मा |
| र | | अ | दा | का | र | | न | र | | धा |
| अ | र | मा | न | | बं | द | | ज | मी | न |
| म | | न | | म | द | म | स्त | | रा | |
| र | ज | त | प | ट | | क | र | म | ज | ला |
| | प | | ट | क | रा | ना | | स | | ल |
| मु | ना | दी | | ना | ग | | द | ल | ह | न |
| ला | | प | री | | गा | ड़ी | वा | न | | पा |
| का | का | | त | न | य | | घ | | न | ल |
| त | र | सा | ना | | न | ग | र | भ | व | न |



# बंगाल में मोदी, शाह और ममता ने की चुनावी रैली, सबने किया जीत का दावा

## भाजपा बंगाल में यूसीसी लागू करेगी : प्रधानमंत्री

भाषा ▶▶| जंगीपुर

प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम बंगाल में घुसपैठ के मुद्दे पर तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए तुष्टीकरण की राजनीति को समाप्त करने के लिए समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने का शनिवार को वादा किया। उन्होंने साथ ही कहा कि भाजपा बंगालियों को राज्य में अल्पसंख्यक नहीं बनने देगी। मुर्शिदाबाद जिले के जंगीपुर में एक रैली को संबोधित करते हुए, मोदी ने आगामी विधानसभा चुनावों को पश्चिम बंगाल की पहचान और भविष्य की रक्षा की लड़ाई के रूप में पेश किया, जबकि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तुष्टीकरण की राजनीति करने और 'घुसपैठियों के समर्थन' का आरोप लगाया। मोदी ने अमित शाह द्वारा पार्टी का घोषणापत्र जारी करने के एक दिन बाद कहा, ''देश की सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है।



### घुसपैठियों को देश छोड़ना होगा: मोदी

कटवा। मोदी ने बंगाल में भाजपा के सत्ता में आने पर मतुआ, नामशूद्र और अन्य शरणार्थी समुदायों को नागरिकता (संशोधन) अधिनियम के तहत नागरिकता प्रदान करने की प्रक्रिया में तेजी लाने का शनिवार को वादा किया जबकि घुसपैठियों को अपना बोरिया-बिस्तर समेटने की चेतावनी दी।

### सिलीगुड़ी में रोड शो

सिलीगुड़ी (भाषा)। उत्तरी पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार शाम को एक विशाल रोड शो का नेतृत्व किया, जिसे देखने के लिए भारी भीड़ सड़कों पर उमड़ पड़ी।

## तृणमूल के 'सिंडिकेट राज' को खत्म करेगी भाजपा

भाषा ▶▶| ओंडा/छतना

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि यदि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पश्चिम बंगाल में सत्ता में आती है, तो वह तृणमूल कांग्रेस के 'सिंडिकेट राज' को समाप्त कर देगी। शाह ने यह भी कहा कि राज्य में महिलाओं पर अत्याचार करने वालों को न्याय के कठघरे में लाया जाएगा। बांकुड़ा जिले के छतना में भाजपा की रैली को संबोधित करते हुए शाह ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सहानुभूति बटोरने के लिए खुद को पीड़ित के रूप में पेश कर रही हैं। शाह ने कहा, 'ममता बनर्जी 'पीड़ित कार्ड' खेलती हैं। कभी-कभी वह सहानुभूति पाने के लिए अपने पैर या सिर पर पट्टी बांध लेती हैं। ममता दीदी, इस चुनाव में आप चाहे अपने पैर, सिर या हाथ पर पट्टी बांध लें, बंगाल की जनता आपको वोट नहीं देगी।'' वर्ष 2021 में बंगाल में आठ चरणों में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान, बनर्जी ने पार्टी उम्मीदवारों के लिए प्रचार करते समय लगी चोट के कारण पैर में प्लास्टर बांधकर और व्हीलचेयर पर बैठकर चुनाव प्रचार किया था।



### स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराएगा आयोग

शाह ने यह भी कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए अर्धसैनिक बलों के साथ पर्याप्त व्यवस्था की है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मतदान प्रक्रिया के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि वचुनाव के दौरान तृणमूल का कोई भी गुंडा गड़बड़ी न कर सके।''

## एक बड़ा घोटाला साबित होगा एसआईआर: ममता

भाषा ▶▶| कोलकाता

बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने झारग्राम और केशियारी में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मंच पर बैठे पार्टी नेताओं से वोटिंग मशीनों की जांच करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मतदान से पहले ईवीएम को जांचें और अगर कोई मशीन खराब लगे, तो तुरंत उसे बदलवाने की मांग करें। ममता ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि एसआईआर के दौरान 250 लोगों की मौत हुई और 90 लाख नाम हटाए गए, भाजपा बंगाल विरोधी और बाहरी लोगों के खिलाफ है, उन्हें अपने घर में घुसने मत दीजिए। बनर्जी ने अधिक ब्योरा दिए बिना कहा, ''भाजपा ने निर्वाचन आयोग की मदद से मेरे खिलाफ झूठे मामले दर्ज कराने की कोशिश कर भवानीपुर से मेरी उम्मीदवारी रद्द कराने का प्रयास किया लेकिन हमने उसकी साजिश नाकाम कर दी।'' उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि उसमें ''लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव लड़ने और जीतने का साहस नहीं है, इसलिए वह फर्जी तरीकों से जबरन वोट कब्जाने की साजिश रच रही है।''



### ईवीएम में भी छेड़छाड़ की योजना बना रहे

निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ अधिकारी को भाजपा की मुख्य वॉशिंग मशीन बताते हुए बनर्जी ने कहा कि वे मतदाताओं के नाम हटा रहे हैं। वे परिणाम पक्ष में करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में छेड़छाड़ की योजना बना रहे हैं। चुनावों में भाजपा की करारी हार और बाद में दिल्ली में उसके सत्ता से बेदखल होने के बाद न्याय देर-सवेर अवश्य मिलेगा।




## युवा कृषि से जुड़ें किसानों की आय में वृद्धि होगी : राजनाथ

भाषा ▶▶| रायसेन (मप्र)

- रक्षा मंत्री बोले- देश की अर्थव्यवस्था सशक्त होगी
- कृषि क्षेत्र में अपार संभावनाएं अर्थव्यवस्था सशक्त होगी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि कृषि क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं और यदि युवा इसमें जुड़ते हैं तो नवाचार बढ़ेगा, किसानों की आय में वृद्धि होगी और देश की अर्थव्यवस्था सशक्त होगी। यहां आयोजित तीन दिवसीय 'उन्नत कृषि महोत्सव' के मुख्य अतिथि के रूप में संबोधन में सिंह ने कहा, ''युवाओं के पास ज्ञान, ऊर्जा और नवाचार की क्षमता है, जिसे कृषि की ओर भी मोड़ने की आवश्यकता है। ड्रोन, सेंसर और मोबाइल तकनीक के जरिए खेती को 'स्मार्ट' बनाया जा सकता है।' सरकार भी इस दिशा में हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि खेती आने वाले समय में गर्व का विषय बने।

### जैविक तरीके अपनाएं

उन्होंने कहा कि सरकार ने छावनी इलाकों के आसपास रहने वाले किसानों से ही जैविक खेती वाले फल और सब्जियां खरीदने का फैसला किया है। आप किसान भाई अपने खेतों में जैविक तरीके से (बिना किसी रासायनिक खाद का इस्तेमाल किए) जो सब्जियां और फल उगाएंगे, वह सीधे हमारे जवानों की थाली में पहुंचेगा। इससे आपको फायदा होगा क्योंकि आपकी पैदावार को हमारे सैनिकों तक पहुंचाया जाएगा।

अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में बोलीं-न्यायमूर्ति नागरत्ना

## मध्यस्थता-सुलह प्रक्रिया आधुनिक न्यायप्रणाली का अभिन्न अंग

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

- पारंपरिक मुकदमा प्रक्रिया के विकल्प के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए



उच्चतम न्यायालय की न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना ने शनिवार को कहा कि मध्यस्थता और सुलह आधुनिक और उत्तरदायी न्याय प्रणाली के अभिन्न अंग हैं और इन्हें केवल पारंपरिक मुकदमा प्रक्रिया के विकल्प के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने दिल्ली में भारतीय मध्यस्थता परिषद द्वारा 'वैश्वीकरण के युग में मध्यस्थता' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए तेजी से जटिल और वैश्वीकृत अर्थव्यवस्था में वैकल्पिक विवाद समाधान (एडीआर) तंत्र के बढ़ते महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, ''विवाद केवल कानूनी प्रश्न ही नहीं होते, बल्कि सामाजिक, व्यावसायिक और आपसी संबंधों से जुड़े प्रश्न भी होते हैं, जिनके समाधान के लिए अदालती फैसले की बजाय स्वैच्छिक समाधान की आवश्यकता हो सकती है। इसलिए, मध्यस्थता और सुलह केवल मुकदमेबाजी के विकल्प नहीं हैं, बल्कि एक आधुनिक और उत्तरदायी न्याय प्रणाली के अभिन्न अंग हैं।'' शीर्ष अदालत की न्यायाधीश ने कहा कि विवाद समाधान के पारंपरिक तरीके से मध्यस्थता और सुलह जैसे विवाद समाधान तंत्रों की ओर एक स्पष्ट बदलाव आया है।

## लद्दाख को आधार के रिकार्ड में पहचान मिली

- 2019 में पृथक केंद्र शासित प्रदेश बना था
- एलजी सक्सेना बोले- 'अब नहीं होगी दिक्कत

**लेह (भाषा)।** जम्मू कश्मीर के पूर्ववर्ती राज्य से 2019 में पृथक केंद्र शासित प्रदेश के तौर पर सृजन के लगभग सात साल बाद लद्दाख ने आखिरकार आधार रिकॉर्ड में अपनी एक अलग पहचान हासिल कर ली है। आधार में 'जम्मू कश्मीर' को हटकर अब 'लद्दाख' कर दिया गया है। लोक भवन के प्रवक्ता ने बताया कि जनता की लंबे समय से चली आ रही इस मांग को लद्दाख के उपराज्यपाल वीके सक्सेना के हस्तक्षेप के बाद पूरा किया गया। लद्दाख को 2019 में केंद्र शासित प्रदेश के रूप में गठित किए जाने के बावजूद यहां के लोगों के आधार कार्ड के 'राज्य' वाले हिस्से में पहले के जम्मू कश्मीर राज्य का नाम ही दर्ज रहा – जिससे व्यापक परेशानी हुई और विभिन्न पक्षों से शिकायतें मिलीं। प्रवक्ता ने बताया कि उपराज्यपाल ने इस मामले के लंबे समय से लंबित रहने का संज्ञान लिया और केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन को इस मुद्दे को जल्द से जल्द हल करने का निर्देश दिया। इसके बाद प्रशासन ने इस मामले को भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के समक्ष उठाया।

मान सरकार का बड़ा फैसला अब सजा और कड़ी होगी

## पंजाब में बेअदबी कानून में संशोधन को दी मंजूरी



- मुख्यमंत्री मान की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक

भाषा ▶▶| चंडीगढ़

पंजाब मंत्रिमंडल ने शनिवार को बेअदबी से संबंधित कानून में कड़े संशोधन को मंजूरी दे दी, जिसमें आजीवन कारावास समेत और कठोर सजाओं का प्रावधान है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में जगत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) विधेयक, 2026 को मंजूरी दे दी गई, जिसमें 'बेअदबी' की घटनाओं को रोकने और गुरु ग्रंथ साहिब की पवित्रता को बनाए रखने के लिए आजीवन कारावास सहित दंड बढ़ाने का प्रस्ताव है।


### मथुरा हादसे के पीड़ित परिजनों से लुधियाना मिलने पहुंचे मान

लुधियाना। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान लुधियाना जिले के जगराओं में मथुरा नाव हादसे के पीड़ितों के अंतिम संस्कार में शामिल हुए। शुक्रवार की दोपहर को उत्तर प्रदेश के पवित्र शहर में नदी में मुख्य रूप से पंजाब के टूरिस्टों को ले जा रही एक नाव पलट गई, जिसमें कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई, 22 घायल हो गए व चार लापता हो गए।

हरियाणा सरकार

नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग से लाइसेंस प्राप्त कॉलोनियों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आरक्षित फ्लैटों के आवंटन की नीति दिनांक 23.10.2025 के अंतर्गत

पानीपत, रोहतक व रेवाड़ी शहर में फ्लैट का ड्रॉ





13 अप्रैल, 2026

**पानीपत**
दोपहर 1:00 बजे
Conference Hall, 2nd Floor, ADC office, District Secretariat, Panipat

**रोहतक**
दोपहर 1:00 बजे
DRDA Hall, Ground Floor, Zila Vikash Bhawan, Rohtak

**रेवाड़ी**
दोपहर 2:00 बजे
Raj International School, Leo Chowk, Sector-5, Konsiwas Road, Rewari

निजी कॉलोनाइजर्स की सूची जिन्होंने ई.डब्ल्यू.एस. नीति दिनांक 23.10.2025 के अंतर्गत आवंटन हेतु फ्लैट्स की पेशकश की

फ्लैट का क्षेत्रफल (लगभग) 200 वर्ग फुट

फ्लैट की कीमत* 1.50 लाख रुपये

पानीपत

| Sr. No. | Name of Project | Project Location of Panipat Town | No.of EWS Flats available for allotment |
|---|---|---|---|
| 1. | Splendor Grande | Sec-19, Panipat | 45 |
| Total | | | 45 |

रोहतक

| Sr. No. | Name of Project | Project Location of Rohtak Town | No.of EWS Flats available for allotment |
|---|---|---|---|
| 1 | Suncity Heights | Sector-36A, Rohtak | 170 |
| | Total | | 170 |

रेवाड़ी

| Sr. No. | Name of Project | Project Location of Rewari Town | No.of EWS Flats available for allotment |
|---|---|---|---|
| 1 | The Cubix | Sec-23, Dharuhera | 120 |
| 2 | Amangani | Sec-25, Rewari | 119 |
| | Total | | 239 |

*आवंटन के लिए अधिकतम मूल्य प्रति फ्लैट ₹1.50 लाख

- मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के अंतर्गत पानीपत शहर में विधवा एवं अनुसूचित जाति श्रेणी के सत्यापन उपरांत पात्र पाए गए आवेदकों को फ्लैट आवंटन हेतु हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के ऑनलाइन प्लेटफार्म पर ड्रॉ किया जाएगा।
- मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के अंतर्गत रोहतक शहर में घुमंतु जाति, विधवा, अनुसूचित जाति एवं अन्य श्रेणी के सत्यापन उपरांत पात्र पाए गए आवेदकों को फ्लैट आवंटन हेतु हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के ऑनलाइन प्लेटफार्म पर ड्रॉ किया जाएगा।
- मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के अंतर्गत रेवाड़ी शहर में विधवा एवं अनुसूचित जाति श्रेणी के सत्यापन उपरांत पात्र पाए गए आवेदकों को फ्लैट आवंटन हेतु हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के ऑनलाइन प्लेटफार्म पर ड्रॉ किया जाएगा।
- ड्रॉ में घुमंतु जाति, विधवा तथा अनुसूचित जाति के आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें -
सम्बन्धित अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय, पानीपत, रोहतक, रेवाड़ी या हाउसिंग फॉर ऑल विभाग, हरियाणा
दूरभाष 0172-2585852 | वेबसाइट https://hfa.haryana.gov.in

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा www.prharyana.gov.in | Follow us on @dlprharyana

***ईरान और अमेरिका के मध्य युद्धविराम समझौते का बाकायदा ऐलान हो जाने के तत्पश्चात ऐसा प्रतीत हो रहा था कि मध्य एशिया संभवतः विनाशकारी युद्ध से मुक्ति पा ही जाएगा, किंतु प्रस्तावित कूटनीतिक वार्ता में प्रबल अवरोध उत्पन्न हो जाने के कारण और ईरान द्वारा होर्मुज स्ट्रेट को नहीं खोले जाने से अब ऐसा दिखाई दे रहा है कि सुधरते हुए हालात फिर से बिगड़ने लगे हैं। इजराइल के द्वारा अंजाम दिए गए आक्रमणों के चलते युद्ध विराम समझौते के भविष्य पर विकट सवाल खड़े कर दिए हैं। इस बीच, पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद आजकल अंतरराष्ट्रीय राजनीति के केंद्र में है। यहां ईरान और अमेरिका के बीच वार्ता केवल एक सामान्य कूटनीतिक बैठक नहीं, बल्कि मध्य पूर्व के बदलते समीकरणों का निर्णायक मोड़ मानी जा रही है। पाक के लिए यह एक बड़ी परीक्षा है, जिसमें उसकी कूटनीतिक क्षमता और सुरक्षा व्यवस्था दोनों की कसौटी परख ली जाएगी। उधर, जहां तक भारत का सवाल है तो ईरान पर हमले के पहले तक भारत आयात होने वाले कच्चे तेल के आधे हिस्से की आपूर्ति इसी रास्ते होती थी। इससे भारत की चिंताएं बढ़ना स्वाभाविक थी। भारत ने ना सिर्फ होमुर्ज के जरिए अपनी आपूर्ति को बनाए रखने की कूटनीतिक कोशिशें जारी रखीं, बल्कि वैकल्पिक रास्ते की भी तलाश तेज कर दी। इन्हीं हालातों की पड़ताल करता आजकल का यह खास अंक...***

# युद्ध विराम के कगार पर खड़ी जंग



**विश्लेषण**

प्रभात कुमार रॉय
विदेशी मामलों के जानकार

**इजराइल और ईरान के मध्य सैन्य संघर्ष की पृष्ठभूमि में फ़िलिस्तीन की जटिल समस्या विद्यमान रही है। प्रारम्भिक काल में इजराइल के अस्तित्व को अरब देशों द्वारा कदाचित स्वीकार नहीं किया गया था। अनेक युद्धों में पराजित होने के बाद प्रायः सभी अरब देशों ने इजराइल से समझौता कर लिया। 1978 में ईरान में इस्लामिक इंकलाब के बाद फ़िलिस्तीन के लिए ईरान की हुकूमत ने संघर्ष करने का संकल्प ले लिया। इस्लामिक ईरान ने इजराइल के वजूद को ही स्वीकार करने से इनकार कर दिया।**

वस्तुतः इजराइल और ईरान के मध्य सैन्य संघर्ष की पृष्ठभूमि में फ़िलिस्तीन की जटिल समस्या विद्यमान रही है। प्रारम्भिक काल में इजराइल के अस्तित्व को अरब देशों द्वारा कदाचित स्वीकार नहीं किया गया था। अनेक युद्धों में पराजित होने के बाद प्रायः सभी अरब देशों ने इजराइल से समझौता कर लिया। 1978 में ईरान में इस्लामिक इंकलाब के बाद फ़िलिस्तीन के लिए ईरान की हुकूमत ने संघर्ष करने का संकल्प ले लिया। इस्लामिक ईरान ने इजराइल के वजूद को ही स्वीकार करने से इनकार कर दिया। चालीस दिनों के विध्वंसक युद्ध के तत्पश्चात केवल पंद्रह दिनों के लिए ईरान और अमेरिका के मध्य युद्ध विराम समझौता अंजाम दिया गया। युद्ध विराम समझौते पर किए गए हस्ताक्षरों की स्याही अभी सूखी नहीं है कि युद्ध विराम समझौते के कगार पर जंग खड़ी है। समझौते के अगले दिन इजराइल द्वारा लेबनान की हिज़्बुल्ला तंजीम के ठिकानों पर जबरदस्त सैन्य आक्रमण अंजाम दिए। परिणामस्वरूप लेबनान की राजधानी बेरूत तथा लेबनान के अन्य कई नगरों में जबरदस्त तौर पर विध्वंसकारी नजारें देखने मे आए।

## युद्ध विराम समझौता

इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू का बयान आया कि युद्ध विराम समझौते के तहत लेबनान और इजराइल के मध्य युद्ध विराम कहीं शामिल नहीं था। अतः इजराइल द्वारा लेबनान पर अंजाम दिया गया आक्रमण वस्तुतः युद्ध विराम समझौते का उल्लंघन करार नहीं दिया जा सकता। इजराइल द्वारा लेबनान के विरुद्ध अंजाम दी गई सैन्य आक्रमण का ईरान द्वारा अत्यंत कड़ा विरोध किया गया और इसे युद्ध विराम समझौते का स्पष्ट उल्लंघन करार दिया गया है। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू के बयान पश्चात तकरीबन ऐसा ही बयान अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का बयान आया कि युद्ध विराम समझौते में लेबनान युद्ध विराम का कोई उल्लेख ही नहीं है। पाकिस्तान के



प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल असीम मुनीर की भूमिका का युद्ध विराम समझौते तक ले जाने में अमेरिका और ईरान ने उल्लेख किया। शरीफ ने फरमाया था कि लेबनान सहित सभी युद्ध स्थलों पर युद्ध विराम लागू करने के लिए ईरान और अमेरिका के मध्य सहमति हो गई और युद्ध विराम तत्काल तौर पर लागू कर दिया जाएगा।

## चीन और पाक की भूमिका

8 अप्रैल की सुबह प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का यह बयान दुनिया के सामने आया कि ईरान और अमेरिका के मध्य कूटनीतिक बातचीत में पाक प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ और फील्ड मार्शल मुनीर शामिल रहे और साथ ही चीन की भी बड़ी भूमिका इस युद्ध विराम समझौता संपन्न कराने के विषय में प्रकाश में आई है। चीन द्वारा ईरान को युद्ध विराम करने के लिए राजी किया गया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी अपने एक्स पोस्ट पर साझा किया कि ईरान पर अमेरिकी हमले बंद कर दिए हैं और हमारी शक्तिशाली सेनाएं भी अपने सैन्य अभियान को तत्काल रोक देंगी। शहबाज शरीफ और डोनाल्ड ट्रंप के युद्ध विराम ऐलानों के बाद इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने बयान जारी किया गया कि लेबनान को दो सप्ताह के युद्धविराम के तहत शामिल नहीं किया गया। ईरान द्वारा लेबनान पर अंजाम दिए गए इजराइली आक्रमण की कड़ी निंदा की गई। साथ ही पहले तो अमेरिका के साथ पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में प्रस्तावित कूटनीति वार्ता का बॉयकॉट करने की घोषणा की गई।

## बिगड़ते दिख रहे हालात

बाद में सोच-विचार के पश्चात ईरान हुकूमत ने अपना प्रतिनिधिमंडल इस्लामाबाद भेजने का फैसला लिया। अमेरिकन सरकार के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर इस्लामाबाद वार्ता में पेंटागन के सुरक्षा विशषज्ञों के साथ शिरकत कर रहे हैं। ईरान की तरफ से इस्लामाबाद वार्ता में प्रतिनिधि मंडल की कयादत ईरान की संसद के अध्यक्ष मौहम्मद बगेर गालिबफ कर रहे हैं और उनके साथ ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची हैं।

ईरान का कूटनीतिक प्रतिनिधिमंडल अपने साथ मीनाब स्कूल सैन्य स्ट्राइक में मारे गए बच्चों और पीड़ितों की तस्वीरें और खून से लथपथ उनका स्कूल का सामान लेकर भी गया है। ईरान और अमेरिका के मध्य युद्धविराम समझौते का बाकायदा ऐलान हो जाने के तत्पश्चात ऐसा प्रतीत हो रहा था कि मध्य एशिया संभवतः विनाशकारी युद्ध से मुक्ति पा ही जाएगा, किंतु प्रस्तावित कूटनीतिक वार्ता में प्रबल अवरोध उत्पन्न हो जाने के कारण और ईरान द्वारा होर्मुज स्ट्रेट को नहीं खोले जाने के कारण, अब ऐसा दिखाई दे रहा है कि सुधरते हुए हालात फिर से बिगड़ने लगे हैं। इजराइल के द्वारा अंजाम दिए गए आक्रमणों द्वारा युद्ध विराम समझौते के भविष्य पर विकट सवाल खड़े कर दिए हैं।

ईरान के विदेशमंत्री अब्बास अगराची फरमाते हैं कि अमेरिका और ईरान के मध्य युद्ध विराम की शर्तें एकदम स्पष्ट और असंदिग्ध हैं। अमेरिका को युद्ध विराम अथवा इजराइल के माध्यम से जारी जंग में किसी एक को चुनना ही होगा। दूसरी तरफ इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ऐलान कर रहे हैं कि आवश्यकता पड़ने पर इजराइल द्वारा ईरान के विरुद्ध सैन्य संघर्ष को फिर शुरू कर दिया जाएगा। नेतन्याहू के अल्फाज हैं कि हमारी उंगलियां अभी बंदूक के ट्रिगर पर रखी हुई हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मक्रों ने इजराइल के आक्रमणकारी तेवरों की निंदा की है।

## लेबनान व फ्रांस की एकजुटता

लेबनान के साथ फ्रांस की एकजुटता व्यक्त करते हुए उन्होंने फरमाया कि सैन्य हमले यकीनन युद्ध विराम के लिए गंभीर खतरा बन गए हैं। अमेरिका को इजराइल का अंध समर्थन करते रहने की अपनी रणनीति से बाहर आकर फिलिस्तीन समस्या का समाधान निकालना ही होगा, अन्यथा ये संघर्ष भविष्य में भी चलते रहेंगे। इन समस्त सैन्य संघर्षों के कारणवश मध्य पूर्व के खाड़ी देश में विनाशकारी खतरा बरकरार बना रहेगा। फिलिस्तीन को जब तक एक खुदमुख़्तार राष्ट्र का दर्जा हासिल नहीं हो जाता और फिलिस्तीनियों को संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रदान की गई अपने हिस्से की सारी जमीन नहीं मिल जाती, तब तक न जाने कितने बेगुनाह नागरिकों कर रक्त धरा पर बहता ही रहेगा।

# जंग लंबी चली तो बदल जाएगा दुनिया का भविष्य



**समीकरण**

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

इस्लामाबाद में अमेरिका और ईरान के बीच चल रही बातचीत इन दिनों पूरी दुनिया की नजरों में है। पाकिस्तान की मध्यस्थता से हो रही यह वार्ता खाड़ी युद्ध को खत्म करने का आखिरी मौका प्रतीत हो रही है। फरवरी 2026 में शुरू हुए इस संघर्ष ने पहले ही स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को प्रभावित कर दिया, हजारों लोगों की जान ले ली और तेल की कीमतें आसमान छूने लगीं। दो हफ्ते का सीजफायर फिलहाल टिका हुआ है, लेकिन अगर इस्लामाबाद में बातचीत नाकाम रही और जंग लंबी खिंच गई तो इसका असर सिर्फ मध्य पूर्व तक सीमित नहीं रहेगा। पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था, राजनीति और आम लोगों की जिंदगी बुरी तरह हिल जाएगी। सबसे बड़ा झटका ऊर्जा बाजार को लगेगा। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से दुनिया का करीब 20-25 प्रतिशत तेल गुजरता है। अगर ईरान ने फिर से इसे ब्लॉक किया या हमले बढ़ाए तो रोजाना 15-20 मिलियन बैरल तेल की सप्लाई रुक सकती है। अभी तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर पहुंच चुकी हैं। लंबी जंग की स्थिति में ये 130 से 170 डॉलर प्रति बैरल तक जा सकती हैं। इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी ने इसे अब तक का सबसे गंभीर सप्लाई शॉक बताया है। गैस की कीमतें भी दोगुनी हो जाएंगी। नतीजा साफ है कि हर जगह महंगाई का कहर। पेट्रोल, डीजल, ट्रांसपोर्ट, खाने-पीने की चीजें-सब कुछ महंगा हो जाएगा। विकसित देशों में महंगाई की आशंका बढ़ जाएगी, जबकि उभरती अर्थव्यवस्थाएं जैसे भारत, चीन और दक्षिण कोरिया सबसे ज्यादा प्रभावित होंगी क्योंकि ये तेल के बड़े आयातक हैं। ग्लोबल इकोनॉमी पर असर और भी गहरा होगा। अर्थशास्त्री चेतावनी दे रहे हैं कि अगर युद्ध कुछ महीनों तक चला तो दुनिया की जीडीपी ग्रोथ 0.2 से 1.2 प्रतिशत तक गिर सकती है। शेयर बाजारों में भारी उथल-पुथल मचेगी, सप्लाई चेन बाधित होंगी और यूरोप तथा एशिया में गैस संकट और गहरा जाएगा। खाड़ी देशों की अर्थव्यवस्था तो बुरी तरह चोट खाएगी। सऊदी अरब, यूएई और कुवैत में बुनियादी ढांचे पर हमले हो चुके हैं।

**अगर युद्ध कुछ महीनों तक चला तो दुनिया की जीडीपी ग्रोथ 0.2 से 1.2 प्रतिशत तक गिर सकती है। शेयर बाजारों में भारी उथल-पुथल मचेगी, सप्लाई चेन बाधित होंगी और यूरोप तथा एशिया में गैस संकट और गहरा जाएगा।**

संयुक्त राष्ट्र के एक अध्ययन के अनुसार, अरब देशों की जीडीपी पर 120 से 194 बिलियन डॉलर का भारी असर पड़ सकता है। मानवीय संकट भी विकराल रूप ले लेगा। अभी तक हजारों मौतें हो चुकी हैं और लाखों लोग बेघर हो गए हैं। शरणार्थी संकट यूरोप और एशिया तक फैल सकता है। स्वास्थ्य सुविधाएं पूरी तरह चरमरा जाएंगी। इसके साथ ही पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान पहुंचेगा, क्योंकि युद्ध में तेल सुविधाओं और रिफाइनरियों पर हमले से प्रदूषण बढ़ेगा। वैश्विक राजनीति में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। अमेरिका-ईरान जंग से रूस और चीन को अप्रत्यक्ष फायदा हो सकता है। रूस यूक्रेन मोर्चे पर अपना ध्यान बंटा सकेगा, जबकि चीन सस्ते दामों पर तेल खरीदकर अपनी रणनीतिक स्थिति मजबूत करेगा। खाड़ी देश अमेरिका पर अपना भरोसा खो सकते हैं। नाटो गठबंधन में दरारें और गहरी होंगी। मध्य पूर्व में नए गठजोड़ बन सकते हैं। इजराइल-लेबनान फ्रंट एक बार फिर गर्म हो सकता है, जिससे क्षेत्रीय अस्थिरता बढ़ेगी। भारत पर इसका सीधा और गहरा असर पड़ेगा। हमारा लगभग 40 प्रतिशत तेल और 80 प्रतिशत गैस मध्य पूर्व से आता है। तेल की कीमतें बढ़ने से आयात बिल आसमान छू जाएगा, रुपया और कमजोर होगा तथा मुद्रास्फीति पर काबू पाना मुश्किल हो जाएगा। खाड़ी देशों में काम करने वाले लाखों भारतीय मजदूर पहले ही वापस लौट रहे हैं। लंबी जंग का मतलब सिर्फ ऊर्जा संकट नहीं, बल्कि खाद्य सुरक्षा पर भी गंभीर खतरा होगा। उर्वरक महंगे होने से फसलें प्रभावित होंगी, जिससे खाद्यान्न की कीमतें बढ़ेंगी। गरीब देशों में भुखमरी बढ़ेगी और विकासशील दुनिया में आर्थिक अस्थिरता फैल जाएगी। अगर इस्लामाबाद में चल रही बातचीत कामयाब हो गई तो पूरी दुनिया को बड़ी राहत मिलेगी। लेकिन अगर यह फेल हो गई तो अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने साफ चेतावनी दे दी है – फिर से बड़े हमले हो सकते हैं। ईरान भी किसी भी कीमत पर पीछे हटने को तैयार नहीं दिख रहा। दोनों तरफ से सख्त रुख अपनाया जा रहा है। ऐसे में सारी दुनिया को दुआ करनी चाहिए कि वार्ता सफल रहे और खाड़ी क्षेत्र में शांति स्थापित हो। अन्यथा आने वाले समय में वैश्विक स्तर पर अभूतपूर्व संकट खड़ा हो सकता है।

# इस्लामाबाद वार्ता में हल निकलना मुश्किल



**संशय**

कांतिलाल मांडोत
स्वतंत्र पत्रकार

पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद इन दिनों अंतरराष्ट्रीय राजनीति का केंद्र बनी हुई है। यहां प्रस्तावित ईरान और अमेरिका के बीच वार्ता केवल एक सामान्य कूटनीतिक बैठक नहीं, बल्कि मध्य पूर्व के बदलते समीकरणों का निर्णायक मोड़ मानी जा रही है। शहर को जिस तरह से सुरक्षा घेरे में लिया गया है, वह इस बात का संकेत देता है कि इस बैठक से जुड़े जोखिम कितने गंभीर हैं। यह सब केवल एक बैठक के लिए नहीं, बल्कि उस संभावित खतरे के कारण है जो इसमें शामिल नेताओं पर मंडरा रहा है। इस वार्ता में अमेरिका की ओर से उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल शामिल हो रहा है। वेंस को एक संतुलित और व्यावहारिक नेता माना जाता है, जिन्होंने इस पूरे संकट के दौरान अपेक्षाकृत शांत और संयमित रुख अपनाया है। उनके साथ स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर जैसे प्रभावशाली लोग भी मौजूद हैं, जो पहले भी मध्य पूर्व की जटिल कूटनीतिक प्रक्रियाओं में भूमिका निभा चुके हैं। दूसरी ओर, ईरान की ओर से विदेश मंत्री अब्बास अराघची इस वार्ता का नेतृत्व कर रहे हैं, जो अपने अनुभव और कूटनीतिक कौशल के लिए जाने जाते हैं। उनके साथ मोहम्मद बाघेर गालिबाफ जैसे प्रभावशाली नेता भी शामिल हैं, जिनकी भूमिका केवल राजनीतिक ही नहीं, बल्कि सैन्य और सुरक्षा मामलों में भी महत्वपूर्ण रही है। इस पूरी प्रक्रिया में सबसे दिलचस्प और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इजराइल को इस वार्ता से पूरी तरह अलग रखा गया है। यही कारण है कि इजराइल इस समझौते को लेकर न केवल असहज है, बल्कि खुलकर विरोध भी कर रहा है। इजराइल की चिंता यह है कि यदि अमेरिका और ईरान के बीच कोई समझौता होता है, तो इससे ईरान को क्षेत्र में और अधिक ताकत मिल सकती है। इजराइल लंबे समय से ईरान को अपने अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा खतरा मानता रहा है, और वह नहीं चाहता कि ईरान को किसी भी प्रकार की कूटनीतिक या सैन्य राहत मिले। इसके अलावा, लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ चल रही कार्रवाई भी इजराइल के लिए प्राथमिकता है, और वह इस संघर्ष को बीच में रोकने के पक्ष में नहीं दिखता। इसी कारण से इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का रुख काफी आक्रामक नजर आ रहा है। उन्होंने कई बार यह संकेत दिया है कि वे किसी भी ऐसे समझौते को स्वीकार नहीं करेंगे, जो इजराइल की सुरक्षा के हितों के खिलाफ हो। हाल ही में लेबनान में हुए हमले इस बात का प्रमाण हैं कि इजराइल अपनी रणनीति से पीछे हटने के मूड में नहीं है। यह स्थिति अमेरिका के लिए भी चुनौतीपूर्ण बन जाती है, क्योंकि उसे एक ओर अपने सहयोगी इजराइल के हितों का ध्यान रखना है और दूसरी ओर ईरान के साथ तनाव कम करने की कोशिश करनी है। पाकिस्तान इस वार्ता के जरिए खुद को एक प्रभावशाली मध्यस्थ के रूप में स्थापित करना चाहता है। लंबे समय से कूटनीतिक स्तर पर हाशिए पर रहे पाकिस्तान के लिए यह एक बड़ा अवसर है। यदि यह वार्ता सफल होती है, तो पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय छवि मजबूत होगी और उसे एक विश्वसनीय मध्यस्थ के रूप में देखा जाएगा। यदि यह प्रयास विफल होता है, तो इसका उल्टा असर भी पड़ सकता है और पाकिस्तान की साख को नुकसान पहुंच सकता है।

***इजराइल लंबे समय से ईरान को अपने अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा खतरा मानता रहा है। वह नहीं चाहता कि ईरान को किसी भी प्रकार की राहत मिले। हिजबुल्लाह के खिलाफ चल रही कार्रवाई भी इजराइल के लिए प्राथमिकता है।***

शहर में लागू लगभग बंद जैसे हालात इस बात का संकेत हैं कि सरकार कोई भी जोखिम उठाने को तैयार नहीं है। आम नागरिकों की आवाजाही सीमित कर दी गई है और केवल सुरक्षा बलों को ही प्रमुख क्षेत्रों में आने-जाने की अनुमति है। यह स्थिति एक तरह से यह भी दर्शाती है कि यह बैठक केवल कूटनीतिक नहीं, बल्कि सामरिक दृष्टि से भी अत्यंत संवेदनशील है। अंततः कहा जा सकता है कि इस्लामाबाद में होने वाली यह वार्ता केवल एक समझौते की कोशिश नहीं, बल्कि कई देशों के हितों, आशंकाओं और रणनीतियों का संगम है। जहां एक ओर अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम करने की उम्मीद है, वहीं दूसरी ओर इजराइल की नाराज़गी और संभावित हस्तक्षेप इस प्रक्रिया को और जटिल बना रहे हैं। पाकिस्तान के लिए यह एक बड़ी परीक्षा है, जिसमें उसकी कूटनीतिक क्षमता और सुरक्षा व्यवस्था दोनों की कसौटी परख ली जाएगी। आने वाले समय में यह स्पष्ट होगा कि यह वार्ता मध्य पूर्व में शांति की दिशा में एक कदम साबित होती है या फिर एक और असफल प्रयास बनकर रह जाती है।

# खाड़ी में सीजफायर के भविष्य पर उठ रहे सवाल



**चुनौती**

रवि शंकर
स्वतंत्र स्तंभकार

अमेरिका और ईरान के बीच भले 14 दिनों का अस्थायी सीजफायर हो गया है, लेकिन अभी भी मिडिल ईस्ट में तनाव जारी है। सीजफायर की घोषणा होने के बाद जिस तरह की बयानबाजी सामने आई है और लेबनान पर हमला हुआ है, उससे सीजफायर के भविष्य पर सवाल उठने लगे हैं।

संघर्ष विराम पर अमेरिका और ईरान अलग-अलग दावे कर रहे हैं। इस फैसले के बाद उम्मीद थी कि कम से कम दो हफ्ते के लिए ही सही, लेकिन इस क्षेत्र में शांति आएगी, लेकिन वास्तव में ऐसा होता नजर नहीं आ रहा है। कूटनीतिक पहल के बावजूद, ईरान के परमाणु कार्यक्रम, क्षेत्रीय प्रभाव और अमेरिका-इजराइल के साथ चल रहे तनाव सहित प्रमुख विवाद अभी तक हल नहीं हुए हैं। यही वजह है कि ईरान होर्मुज पर नियंत्रण बनाए रखने की कोशिश में है। इधर इजराइल की ओर से लेबनान पर कहर बरपाया जा रहा है। खाड़ी क्षेत्र में सैन्य गतिविधियां अभी भी जारी हैं और युद्ध से जुड़े प्रमुख मुद्दे फिलहाल अनसुलझे हैं, इसलिए स्थिति अभी भी नाजुक बनी हुई है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या यह सीजफायर स्थायी शांति की ओर बढ़ेगा या सिर्फ एक अस्थायी विराम साबित होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पहले ही कह चुके हैं कि अगर ईरान समझौते के लिए तैयार नहीं हुआ, तो बड़े हमले फिर शुरू हो सकते हैं। दूसरी ओर ईरान ने भी स्पष्ट किया है कि यह युद्ध खत्म नहीं हुआ है, बल्कि सिर्फ रोका गया है।

जाहिर है, सीजफायर के लिए ईरान ने अमेरिका के सामने जो 10 शर्तें रखी हैं, उनमें से हो सकता है कि कुछ पर सहमति बन जाए लेकिन ईरान सभी शर्तों को मनवाने पर अड़ा रहा तो सीजफायर के आगे बढ़ने पर संदेह है और इससे होर्मुज संकट भी जस का तस रहेगा। इन 10 शर्तों में एक शर्त ऐसी है जिस पर अमेरिका कभी राजी नहीं होगा। वह शर्त यह है कि मध्य पूर्व में अमेरिका के जितने भी सैन्य बेस हैं, वहां से वह निकल जाए। यानी मध्य पूर्व में सैन्य रूप में अमेरिका का कोई फुट प्रिंट्स ईरान देखना नहीं चाहता। सवाल है कि क्या



**मध्य पूर्व में सैन्य रूप में अमेरिका का कोई फुट प्रिंट्स ईरान देखना नहीं चाहता। सवाल है कि क्या अमेरिका ऐसा करेगा तो जवाब होगा, बिल्कुल नहीं।**

अमेरिका ऐसा करेगा तो जवाब होगा बिल्कुल नहीं। अमेरिका कभी भी मध्य पूर्व से नहीं निकलेगा। बाकी शर्तों में ईरान पर हमला न करने, नुकसान की भरपाई करने, अपने ऊपर से प्रतिबंध हटाए जाने, यूरेनियम संवर्धन जारी रखने सहित अन्य शर्तें शामिल हैं। इन शर्तों में से कुछ को अमेरिका यदि मान भी लेता है तो इस बात की संभावना बहुत कम है कि इजराइल भी इसके लिए तैयार होगा। ईरान से असली खतरा इजराइल को है, न कि अमेरिका को। साफ है, अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच स्थायी सीजफायर में एक नहीं कई अड़चनें हैं और इनमें से सबसे बड़ी वजह भरोसे की कमी और अविश्वास है। अमेरिका और इजराइल दोनों ईरान पर भरोसा नहीं करते और ईरान इन दोनों मुल्कों पर। ईरान यह पहले देख चुका है कि बातचीत का झांसा देकर पहले भी उस पर दो बार हमला किया जा चुका है।

अमेरिका और इजराइल को लगता है कि ईरान परमाणु कार्यक्रम के नाम पर अपना न्यूक्लियर हथियार तैयार कर रहा है। दूसरा, इस सीजफायर वार्ता में न तो इजराइल शामिल है और न मध्य पूर्व का कोई देश। ईरान ने इजराइल के अलावा सऊदी अरब, कतर, यूएई, बहरीन सहित खाड़ी के कई देशों पर हमले किए हैं। ये देश इस युद्ध में हिस्सेदार हैं लेकिन उन्हें इस महत्वपूर्ण बातचीत का हिस्सा नहीं बनाया गया है। सीजफायर के लिए ईरान की 10 शर्तों में खाड़ी देशों का कोई जिक्र नहीं है। बिना इनकी राय और रजामंदी के कोई स्थायी सीजफायर मुमकिन नहीं है। इतिहास बताता है कि मध्य पूर्व में शांति समझौते अक्सर अस्थायी साबित होते हैं। यह सीजफायर भी कई शर्तों और अनिश्चितताओं से घिरा हुआ है। अगर शर्तों पर सहमति नहीं बनती, तो यह सिर्फ एक छोटा सा विराम साबित होगा और जंग फिर भड़क सकती है। अमेरिका और ईरान के बीच हुआ यह 14 दिन का सीजफायर सिर्फ एक सैन्य समझौता नहीं, बल्कि वैश्विक राजनीति, कूटनीति और आर्थिक हितों का जटिल मेल है। इसमें पाकिस्तान की भूमिका, चीन का दबाव, इजराइल की शर्तें और भारत के हित सब मिलकर इस कहानी को और भी जटिल बना देते हैं। ऐसे में अब सबकी नजरें आने वाले दिनों पर टिकी हैं। क्या यह सीजफायर स्थायी शांति में बदलेगा या फिर एक और बड़े युद्ध का संकेत बनेगा, यह तय करेगा मध्य पूर्व का भविष्य और दुनिया की दिशा।

# भारत ने कूटनीति से पेट्रोलियम आपूर्ति को रखा बरकरार



**दृष्टिकोण**

उमेश चतुर्वेदी
राजनीतिक समीक्षक

ईरान पर 28 फरवरी को अमेरिकी और इजराइली हमले के बाद पूरी दुनिया की चिंता ऊर्जा को लेकर थी। आज की दुनिया ऊर्जा के लिए जीवाश्म तेलों पर सबसे ज्यादा निर्भर है, जिसे हम पेट्रोल और डीजल के रूप में जानते हैं। इसके साथ ही प्राकृतिक गैस भी आज ऊर्जा की बड़ी स्रोत है। ईरान पर हमले के पहले बहुत लोगों ने होमुर्ज जलडमरूमध्य का नाम नहीं सुना था, लेकिन आज हर सचेत शख्स इसे जान गया है। फारस और ओमान की खाड़ी के बीच स्थित इस संकरे समुद्री रास्ते पर ईरान का कब्जा है।

इसके जरिए पूरी दुनिया को आपूर्ति होने वाला बीस प्रतिशत पेट्रोलियम पदार्थ इसी रास्ते से गुजरता रहा है। जहां तक भारत का सवाल है तो ईरान पर हमले के पहले तक भारत आयात होने वाले कच्चे तेल के आधे हिस्से की आपूर्ति इसी रास्ते होती थी। इससे भारत की चिंताएं बढ़ना स्वाभाविक थी। भारत ने ना सिर्फ होमुर्ज के जरिए अपनी आपूर्ति को बनाए रखने की कूटनीतिक कोशिशें जारी रखीं, बल्कि वैकल्पिक रास्ते की भी तलाश तेज कर दी। भारत अपनी पेट्रोलियम जरूरतों का करीब 85 फीसद हिस्सा आयात करता है। इसका आधा हिस्सा होमुर्ज के रास्ते ही आता था। भारतीय वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार होमुर्ज के रास्ते भारत रोजाना ढाई से 2.7 मिलियन बैरल कच्चा तेल आयात करता था,लेकिन ईरान पर हमले के बाद यह घटकर इसका आधा ही रह गया है। हमले के बाद ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड ने इस रास्ते पर ना सिर्फ निगरानी बढ़ा दी है, बल्कि सीमित आवाजाही को ही मंजूरी दी है।

भारत को इसकी आशंका थी, इसलिए उसने खाड़ी के देशों से तेल आयात के लिए वैकल्पिक मार्गों पर भी ध्यान देना शुरू कर दिया। संकट के क्षण में भले ही ईरान ने भारत के प्रति सहयोगी रुख अख्तियार कर रखा है, लेकिन भारत ने 'केप ऑफ गुड होप' यानी अफ्रीका के दक्षिण से गुजरने वाले जलमार्ग का भी उपयोग बढ़ा दिया है। इस बीच भारत ने कूटनीतिक प्रयास जारी रखा। इसका असर यह हुआ कि ईरान भारतीय जहाजों को होमुर्ज से गुजरने की अनुमति दे रहा है। भारत ओमान की खाड़ी



**भारतीय रिफाइनरियों के पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है। इस बीच भारत ने रूस से भी कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति बढ़ा दी है। अतः जैसी महंगाई की आशंका थी, वैसी नहीं दिखी।**

से गुजरने वाले जहाजों को अपनी नौसेना के जरिए सुरक्षा दे रहा है। भारत सरकार के अनुसार, भारतीय रिफाइनरियों के पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है। इस बीच भारत ने रूस से भी कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति बढ़ा दी है। इसका असर यह हुआ है कि भारत में जिस तरह की महंगाई की आशंका थी, वैसी नहीं दिखी। हालांकि उद्योगों के लिए आपूर्ति किए जाने वाले व्यावसायिक गैस सिलेंडर की कीमतें बढ़ा दी गई हैं। तेल की बढ़ती कीमतों और व्यवसायिक गैस की आपूर्ति कम होने के चलते खाने-पीने वाली चीजों की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। महानगरों में सर्वसुलभ ठेले की चाय की कीमतें डेढ़ गुनी तक बढ़ चुकी हैं, लेकिन आपूर्ति श्रृंखला जारी रहने के चलते स्थिति खराब नहीं हुई है। जबकि पड़ोसी पाकिस्तान में आधी गाड़ियों को ही सड़कों पर उतरने की अनुमति है, वहां पेट्रोल भारत के मुकाबले करीब ढाई गुना ऊंची दर पर मिल रहा है। पश्चिम एशिया में संकट शुरू होने के बाद कूटनीति की कमान प्रधानमंत्री मोदी ने संभालते हुए युद्ध शुरू होने के महज 48 घंटों के भीतर आठ खाड़ी देशों के नेताओं से बात की। इसके साथ ही उन्होंने फ्रांस और मलेशिया के प्रधानमंत्री से बात की। इस बातचीत का मकसद वैश्विक हालात पर चर्चा के साथ ही भारतीय हितों को सुनिश्चित करना भी था। इस बातचीत का मकसद खाड़ी देशों के इस संगठन के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के साथ ही भावी ऊर्जा संकट से भारत को मुक्ति दिलाने को लेकर रणनीति बनाना भी है। इसके पहले मंत्री हरदीप पुरी ने कतर की यात्रा की थी। दरअसल भारत इन देशों से भी पेट्रोलियम पदार्थों का आयात बढ़ाना चाहता है। भारत की कोशिश ईरान के विकल्प के रूप में अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए दूसरे देशों का भी सहयोग हासिल करने की है। बेशक रूस से भारत को कच्चा तेल और खाद की सामग्री मिल रही है, लेकिन भारत की कोशिश आपूर्ति को विविधरंगी बनाए रखना है। ऐसी व्यवस्था में अगर किसी चीज की गंभीर कमी होती है तो अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न होना आसान हो जाता है। इससे महंगाई भी बढ़ती है।

महंगाई बढ़ने से लोगों के बीच नाराजगी बढ़ती है और फिर यह गुस्सा राज व्यवस्था के खिलाफ आंदोलनों के रूप में मुखर होता है। तेल और ईरान संकट को देखते हुए भारत ने कूटनीतिक कार्रवाई करते हुए जिस तरह अपनी जरूरतों के लायक आपूर्ति का संतुलन बनाए रखा है, वह गौर करने लायक है।

# जीत की दौड़ में टूट रहे खिलाड़ी : तकनीक की अनदेखी व ओवरट्रेनिंग कर रही चोटिल

## विशेषज्ञों की चेतावनी, रिकवरी की कमी से भी बढ़ रहा इंजरी का खतरा

## 40-50% धावक हर साल हो रहे चोटिल, क्या गलत कर रहे खिलाड़ी

संडे स्पेशल

रोहित डागर ▶▶ रोहतक

आधुनिक खेल प्रतिस्पर्धा में जहां खिलाड़ी नए कीर्तिमान बना रहे हैं, वहीं चोटों का खतरा भी तेजी से बढ़ रहा है। खासतौर पर धावकों और एथलीटों में घुटने, टखने व मांसपेशियों से जुड़ी समस्याएं आम हो गई हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, जल्द परिणाम पाने की होड़, ओवरट्रेनिंग और सही तकनीक की अनदेखी खिलाड़ियों के करियर पर भारी पड़ रही है यानी जीत की अंधाधुंध दौड़ में हमारे खिलाड़ी टूट रहे हैं। रोहतक के वरिष्ठ चिकित्सकों और खेल कोचों ने इन बढ़ती चोटों के कारणों और उनसे बचाव के वैज्ञानिक तरीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला है।

**माइक्रोट्रॉमा से स्ट्रेस फ्रैक्चर तक खिलाड़ियों के लिए सबसे बड़ा खतरा**

### रनर्स नी भी बेहद गंभीर

घुटने के दर्द को रनर्स नी भी कहा जाता है। कुछ खिलाड़ियों को रनिंग करते समय अक्सर घुटनों में दर्द होने लग जाता है, जिसकी वजह से वह अपने खेल पर ध्यान नहीं दे पाते। जो लोग प्रोफेशनल एथलीट होते हैं या जो रोजाना रनिंग करना पसंद करते हैं उनको रनिंग करने से पहले सही टिप्स फॉलों करने चाहिए और कुछ बातों को ध्यान में रखते हुए दौड़ना चाहिए।

### क्षमता से अधिक दबाव मुख्य कारण : डॉ. राजेश रोहिल्ला




पीजीआईएमएस रोहतक के खेल चिकित्सा एवं खेल चोट केंद्र के विभागाध्यक्ष और वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. राजेश रोहिल्ला के अनुसार खिलाड़ी अक्सर अपनी शारीरिक क्षमता से अधिक अभ्यास करते हैं, जिससे शरीर पर अत्यधिक दबाव पड़ता है। दौड़ के दौरान शरीर पर बार-बार पड़ने वाला दबाव 'रिपीटेड माइक्रोट्रॉमा' पैदा करता है, जो आगे चलकर स्ट्रेस फ्रैक्चर जैसी गंभीर समस्या बन सकता है। आंकड़ों के अनुसार, हर साल 40-50% धावक किसी न किसी चोट का शिकार होते हैं।

### तकनीक और धैर्य की कमी : कोच



एथलेटिक कोच रमेश सिंधु का कहना है कि आजकल एथलीटों में 'शॉर्टकट' अपनाने की प्रवृत्ति बढ़ी है। खिलाड़ी अक्सर अचानक ज्यादा दूरी तय करने या बहुत तेज गति से अभ्यास शुरू कर देते हैं। इसमें गलत तकनीक, मांसपेशियों की कमजोरी और पर्याप्त आराम (रिकवरी) की कमी 'आग में घी' का काम करती है। कई बार 'ओवरकॉन्फिडेंस' के कारण खिलाड़ी शुरुआती दर्द को मामूली समझकर नजरअंदाज कर देते हैं, जो बाद में उनके करियर पर पूर्णविराम लगा सकता है। दौड़ने वाले खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा प्रभाव घुटने, टखने और पैर के निचले हिस्से पर पड़ता है।



एआई जनरेटेड फोटो

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ

▶▶ **10% नियम का पालन:** अभ्यास की तीव्रता या दूरी को हर सप्ताह 10% के अनुपात में बढ़ाएं।
▶▶ **आहार पर ध्यान:** हड्डियों की मजबूती के लिए कैल्शियम, विटामिन-डी और प्रोटीन युक्त आहार (दूध, दही, दाल, अंडा, हरी सब्जियां) लें।
▶▶ **वॉर्म-अप और स्ट्रेचिंग:** ट्रेनिंग से पहले वॉर्म-अप और बाद में कूल-डाउन को दिनचर्या का अनिवार्य हिस्सा बनाएं।
▶▶ **आइसोमेट्रिक एक्सरसाइज:** घुटने और टखने की मजबूती के लिए नियमित रूप से आइसोमेट्रिक व्यायाम और कैल्फ स्ट्रेचिंग करें।
▶▶ **चेतावनी संकेत पहचानें:** यदि दर्द आराम के समय भी बना रहे, सूजन आए या चलने में कठिनाई हो, तो उसे नजरअंदाज न करें और तुरंत विशेषज्ञ की सलाह लें।

### ये बड़ी समस्याएं

▶▶ रनर्स नी (घुटने का दर्द)
▶▶ शिन स्प्लिंट (पैर के आगे दर्द)
▶▶ आईटी बैंड सिंड्रोम
▶▶ स्ट्रेस फ्रैक्चर

### यह करें खिलाड़ी

▶▶ पूर्ण विश्राम के बजाय 'सीमित गतिविधि'
▶▶ 'गाइडेड फिजियोथेरेपी'
▶▶ ठंडी सिकाई
▶▶ सही जूतों का चुनाव

### रोहतक पीजीआई का सेंटर बना वरदान

▶▶ स्पोर्ट्स इंजरी का विशेषज्ञ इलाज
▶▶ स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट द्वारा काउंसलिंग
▶▶ अर्ली रिहेबिलिटेशन की सुविधा
▶▶ एक्स-रे, सर्जरी और फिजियोथेरेपी उपलब्ध
▶▶ तेजी से मैदान में वापसी की तैयारी
▶▶ पीजीआई में कमरा नंबर 81 में रोजाना ओपीडी।

### चोट, शादी और बच्चे के बाद ट्रैक पर लौटीं धाविका पूनम



■ **23 किलो वजन घटाकर पेश की मिसाल**

जुनून और अटूट इच्छाशक्ति हो तो मंजिल हासिल करने से कोई नहीं रोक सकता। एक महिला एथलीट ने शादी और मातृत्व के सुखद पड़ाव के बाद न केवल मैदान पर वापसी की है, बल्कि महज चार महीने के भीतर 23 किलो वजन घटाकर सबको हैरान कर दिया है। महिला खिलाड़ी पूनम ने बताया कि उनके खेल करियर में कई उतार-चढ़ाव आए। साल 2016 में उन्हें पहली बड़ी इंजरी हुई, जिसके बाद 2017 में शानदार वापसी की और 2018 में नेशनल क्रॉस कंट्री में कांस्य पदक और ऑल इंडिया पुलिस गेम्स में रजत पदक जीता। इसके बाद 2019 में एंकल ट्विस्ट होने से फिर खेल से दूर होना पड़ा।

**यहां करवाया इलाज**

दिल्ली के सफदरजंग स्पोर्ट्स इंजरी सेंटर गुड़गांव और रोहतक में उपचार लिया। एंकल की पुरानी चोट के लिए उन्होंने रोहतक के वैद्य से भी सहायता ली।

**उपलब्धियों भरा सफर**

▶▶ 1500 मीटर व 5 किलोमीटर की दौड़ मुख्य स्पर्धाएं।
▶▶ 10 किलोमीटर दौड़ में उन्होंने 35.2 मिनट का सर्वश्रेष्ठ समय निकाला।
▶▶ खेलो इंडिया वुमन लीग में तीसरा स्थान हासिल किया। 'डीजी डिस्क' से भी सम्मानित किया।

### फिजियोथेरेपी और वैज्ञानिक तकनीक का महत्व



*पीजीआईएमएस रोहतक की स्पोर्ट्स फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. हेमलता ने बताया कि ट्रेनिंग से पहले वॉर्म-अप और बाद में कूल-डाउन न करना मांसपेशियों में 'स्ट्रेन' का मुख्य कारण है। शिन स्प्लिंट (एमटीएसएस) अक्सर शुरुआती खिलाड़ियों में ओवरट्रेनिंग के कारण होता है। वहीं, 'एचिल्स टेंडिनाइटिस' में कैल्फ मांसपेशियां इतनी टाइट हो जाती हैं कि चलना भी दूभर हो जाता है। हाई इंटेंसिटी स्प्रिंट के दौरान 'हैमस्ट्रिंग स्ट्रेन' एक गंभीर समस्या बनकर उभरती है।*

---

## आईपीएल: श्रेयस-प्रभसिमरन-प्रियांश ने खेली तूफानी पारी

# पंजाब किंग्स की जीत जारी, सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ चेज किए 220 रन, 6 विकेट से पीटा

एजेंसी ▶▶ मुल्लांपुर



पंजाब किंग्स ने कप्तान श्रेयस अय्यर की 69 रन की नाबाद अर्धशतकीय पारी के दम पर शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को छह विकेट से हरा दिया। सनराइजर्स हैदराबाद ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा (74 रन) के अर्धशतक और ट्रेविस हेड के साथ पहले विकेट के लिए 50 गेंद में 120 रन की साझेदारी से छह विकेट पर 219 रन का स्कोर खड़ा किया।

पंजाब किंग्स ने अय्यर (33 गेंद, पांच चौके, पांच छक्के), प्रियांश आर्य (57) और प्रभसिमरन सिंह (51) के अर्धशतकों से यह लक्ष्य 18.5 ओवर में चार विकेट पर 223 रन बनाकर हासिल कर लिया। पंजाब किंग्स ने शानदार खेल जारी रखते हुए आईपीएल 2026 में तीसरी जीत हासिल की। यह पंजाब की चार मैच में तीसरी जीत है। उसका एक मैच बारिश से धुल गया था। वहीं हैदराबाद को चार मैच में तीसरी हार का सामना करना पड़ा।

### अय्यर जीत दिलाकर लौटे

हैदराबाद की वापसी की किसी भी उम्मीद को कप्तान श्रेयस अय्यर ने जगने नहीं दिया। उन्होंने एक छोर थाम लिया और जबरदस्त अर्धशतक बनाया। नेहाल वढ़ेरा (14) की खराब फॉर्म जारी रही। लेकिन अय्यर और शशांक ने मिलकर सात गेंद बाकी रहते टीम को आसान जीत दिला दी। शशांक 9 गेंद में 16 रन बनाकर नाबाद रहे। हैदराबाद की ओर से शिवांग कुमार ने तीन विकेट लिए।

### प्रियांश और प्रभसिमरन ने की 99 रन की साझेदारी

प्रियांश और प्रभसिमरन की जोड़ी ने तूफानी बैटिंग करते हुए पंजाब को पावरप्ले में ही आगे कर दिया। इन दोनों ने 99 रन की साझेदारी की। हैदराबाद का कोई बॉलर इन पर अंकुश नहीं लगा सका. प्रियांश ने 20 गेंद में पांच छक्के व इतने ही चौके लगाते हुए 57 रन की पारी खेली। प्रभसिमरन ने 25 गेंद में चार छक्के व इतने ही चौके लगाते हुए 51 रन बनाए। ये दोनों बल्लेबाज 18 रन के अंतराल में आउट हुए। तीसरे नंबर पर आए कूपर कोनोली 11 रन बना सके और सस्ते में निपट गए।

### अभिषेक ने 254 के स्ट्राइक रेट से बनाए 74 रन

अभिषेक के बल्ले से पंजाब के खिलाफ 28 गेंदों पर 74 रन निकले और इस दौरान उन्होंने 8 छक्के व 5 चौके भी लगाए। उनका स्ट्राइक रेट इस दौरान 254.29 का रहा। अभिषेक ने इस मैच में अपना अर्धशतक 18 गेंदों पर पूरा किया और वो आईपीएल में 20 से कम गेंदों पर अर्धशतक लगाने का कमाल 5वीं बार किया। इससे पहले इस लीग में 20 से कम गेंदों पर ऐसा कमाल 4 बार निकोलस पूरन कर चुके हैं और अब वो अभिषेक से नीचे यानी दूसरे नंबर पर आ गए। वैभव ने ऐसा इस लीग में अब तक 3 बार किया है और वो लिस्ट में तीसरे नंबर पर जैक फ्रेजर मैकगर्क के साथ संयुक्त रूप से तीसरे नंबर पर हैं।

### स्कोर बोर्ड

| सनराइजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा का अर्शदीप बो शशांक | 74 | 28 | 5 | 8 |
| ट्रेविस हेड का बार्टलेट बो शशांक | 38 | 23 | 5 | 1 |
| ईशान का यानसेन बो अर्शदीप | 27 | 17 | 3 | 1 |
| क्लासेन का कोनोली बो बार्टलेट | 39 | 33 | 1 | 1 |
| अनिकेत वर्मा रन आउट | 18 | 9 | 1 | 1 |
| अरोड़ा का बार्टलेट बो अर्शदीप | 09 | 8 | 0 | 1 |
| नीतिश कुमार रेड्डी नाबाद | 00 | 1 | 0 | 0 |
| हर्ष दुबे नाबाद | 01 | 2 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 13, कुल योग : 20 ओवर में 219/6 रन
गेंदबाजी : अर्शदीप 4-0-50-2, बार्टलेट 4-0-42-1, यानसेन 4-0-40-0, विशाक 2-0-33-0, शशांक 3-0-20-2, चहल 3-0-33-0

| पंजाब किंग्स : | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| प्रियांश आर्य का रेड्डी बो शिवांग | 57 | 20 | 5 | 5 |
| प्रभसिमरन का क्लासेन बो शिवांग | 51 | 25 | 4 | 4 |
| कोनोली का वर्मा बो शिवांग | 11 | 12 | 1 | 0 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 69 | 33 | 5 | 5 |
| नेहाल वढेरा बो हर्ष दुबे | 14 | 14 | 0 | 1 |
| शशांक सिंह नाबाद | 16 | 10 | 1 | 1 |

अतिरिक्त : 05, कुल योग : 18.5 ओवर में 223/4 रन
गेंदबाजी : हर्ष दुबे 4-0-38-1, उनादकट 3-0-40-0, मलिंगा 3-0-46-0, हर्षल पटेल 2-0-39-0, शिवांग कुमार 4-0-33-3, नीतिश कुमार रेड्डी 2-0-20-0, अभिषेक शर्मा 0.5-0-7-0

# सैमसन और ओवरटन के शानदार खेल से सीएसके ने दिल्ली को हरा खोला जीत का खाता

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

**दिल्ली को 23 रन से हराया**

**ओवर्टन को चार विकेट**

संजू सैमसन की नाबाद शतकीय पारी के बाद जैमी ओवरटन की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) ने इंडियन प्रीमियर लीग टी-20 मैच में शनिवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को 23 रन से हराकर मौजूदा सत्र में पहली जीत का स्वाद चखा। आईपीएल के मौजूदा सत्र में अपनी निराशाजनक शुरुआत को पीछे छोड़ते हुए सैमसन ने 56 गेंदों की नाबाद पारी में 15 चौकों और चार छक्कों की मदद से 115 रन बनाए। उन्हें दूसरे छोर से आयुष महात्रे का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने रिटायर आउट होने से पहले 36 गेंदों में तीन चौकों और चार छक्कों की मदद से 59 रन बनाए। सैमसन के आईपीएल करियर का यह चौथा शतक और सुपरकिंग्स के लिए पहला शतक है। सुपरकिंग्स ने दो विकेट पर 212 रन बनाने के बाद कैपिटल्स को आखिरी गेंद पर 189 रन पर ऑल आउट कर दिया और अपने घरेलू मैदान पर लगातार छह हार के बाद जीत दर्ज की। चार मैचों में पहली जीत से सुपरकिंग्स की टीम अंक तालिका में नौवें स्थान पर पहुंच गई, जबकि दिल्ली कैपिटल्स चार मैचों में दूसरी हार के बाद चौथे स्थान पर है। कैपिटल्स के लिए ट्रिस्टन स्टब्स ने 38 गेंदों में चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से 60 रन की पारी खेली। पथुम निसंका ने 41 रन का योगदान दिया, लेकिन यह टीम के लिए काफी साबित नहीं हुआ।

ओवरटन ने बल्लेबाजों के लिए आसान परिस्थितियों में चार ओवर में महज 18 रन देकर चार विकेट लिए। उन्हें अंशुल कंबोज का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने चार ओवर में 35 रन देकर तीन विकेट लिए।




### घरेलू रिकॉर्ड ने बढ़ाई टेंशन गुजरात से भिड़ेगी एलएसजी

**मुकाबला आज दोपहर 3.30 बजे**

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को मुकुल चौधरी के रूप में एक नया स्टार मिल गया है, लेकिन आईपीएल में गुजरात टाइटंस के खिलाफ रविवार को होने वाले मुकाबले से पहले उसके लिए घरेलू मैदान पर खराब रिकॉर्ड बड़ी चिंता का विषय बना हुआ है। एलएसजी और गुजरात टाइटंस ने अपने पिछले दोनों मैच जीते हैं, जिससे उनका मनोबल बढ़ा होगा। गुजरात ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ एक रन की रोमांचक जीत दर्ज की थी, जिससे उसने अपना खाता भी खोला। एलएसजी ने सनराइजर्स हैदराबाद और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ उनके मैदानों पर प्रभावशाली जीत दर्ज की।

### वानखेड़े में गरजेगी इंडियंस आरसीबी को देगी कड़ी टक्कर

**आज शाम 7.30 बजे से रजत और हार्दिक की टीम में टक्कर**

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग में अपने अभियान की धीमी शुरुआत के बाद मुंबई इंडियंस रविवार को वानखेड़े स्टेडियम पर गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से खेलेगी तो उसका लक्ष्य अपने गढ़ में जीत की राह पर लौटने का होगा। तेरह सत्र में पहली बार मुंबई ने आईपीएल में जीत के साथ शुरुआत करते हुए दो सप्ताह पहले यहां कोलकाता नाइट राइडर्स को छह विकेट से हराया। पांच बार की चैंपियन टीम हालांकि उसके बाद लय कायम नहीं रख सके और दूसरे मैदान पर दोनों मैच बड़े अंतर से हारने के बाद अब खराब रन रेट ( माइनस 0.715) के साथ आठवें स्थान पर है।

---

## दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप

# भारतीय खिलाड़ियों ने जीते 13 गोल्ड




एजेंसी ▶▶ शिमला

भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ियों ने शनिवार को दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में अलग-अलग वर्ग में 13 स्वर्ण पदक जीतकर अपना क्षेत्रीय दबदबा साबित कर दिया। यह टूर्नामेंट एशियाई युवा चैंपियनशिप के लिए क्वालीफायर भी है। भारत के प्रियनुज भट्टाचार्य ने अंडर-19 लड़कों के एकल फाइनल में हमवतन पुनीत बिस्वास को 3-1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। युगल में एमआर बालमुरुगन और मेहान सेंथिल ने पहले गेम में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बांग्लादेश के अबुल हसीब और नफीज इकबाल को हराकर खिताब अपने नाम किया।

### आदित्य दास का शानदार प्रदर्शन

अंडर-15 लड़कों के वर्ग में आदित्य दास ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में हमवतन खिलाड़ी अक्षय किरिकारा को हराया। युगल का खिताब भी भारत के ही पास रहा, जिसमें ऋषान चट्टोपाध्याय और आकाश राजवेलु ने नेपाल के खिलाफ पांच गेम तक चले कड़े मुकाबले में जीत हासिल की। लड़कियों के वर्ग में जेनिफर वर्गीज ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए अंडर-19 फाइनल में हमवतन अनन्या मुरलीधरन को हराया जबकि अंकोलिका चक्रवर्ती ने आहोना रे को पछाड़कर अंडर-15 का खिताब जीता। भारत ने लड़कियों के युगल के दोनों वर्ग में भी क्लीन स्वीप किया। मिश्रित युगल में भी भारत का दबदबा रहा।

## आईकेआर: शीर्ष पर पहुंची 11 वर्षीय अतिका



**लोनाटो।** भारतीय रेसिंग की युवा सनसनी अतिका मीर एफआईए इंटरनेशनल कार्ट रैंकिंग (आईकेआर) में महिला वर्ग में अपनी श्रेणी में शीर्ष पर पहुंच गई हैं। अतिका मोटरस्पोर्ट की विश्व संस्था एफआईए की विश्व रैंकिंग में महिला रेसर में पहले स्थान पर हैं। यह 11 वर्षीय खिलाड़ी इंटरनेशनल ओके-एनजे वर्ग (12-14 वर्ष आयु वर्ग) में पुरुष और महिला दोनों वर्ग को मिलाकर कुल सातवें स्थान पर है। इस श्रेणी की रैंकिंग में स्विट्जरलैंड के जोल्टन कोइग्नी शीर्ष पर हैं। अतिका के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें 2026 की शुरुआत में मिनी वर्ग (8-12) से जूनियर वर्ग (12-14 वर्ष की आयु) में शामिल कर दिया गया था। वह पिछले महीने वालेंसिया में चैंपियंस ऑफ द फ्यूचर एकेडमी (सीओटीएफए) सीरीज के पहले दौर में पोडियम पर पहुंची थी। अतिका का लक्ष्य फॉर्मूला वन में जगह बनाना है। किसी भी महिला रेसर ने 1992 के बाद फॉर्मूला वन में भाग नहीं लिया है।

### सुजीत और अभिमन्यु ने स्वर्ण पदक जीते

**बिश्केक।** अंडर-23 विश्व चैंपियन सुजीत और अभिमन्यु ने दमदार प्रदर्शन करते हुए शनिवार को सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में भारत को दो स्वर्ण पदक दिलाए। पुरुषों की 65 किग्रा फ्रीस्टाइल फाइनल में अजेय लय में चल रहे सुजीत ने उज्बेकिस्तान के उमिदजोन जलोलोव को एकतरफा मुकाबले में 8-1 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसके बाद अभिमन्यु ने भी भारत के खाते में दूसरा स्वर्ण जोड़ते हुए 70 किग्रा फ्रीस्टाइल फाइनल में मंगोलिया के तुलगा तुमुर ओचिर को 0-2 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए 5-3 से पराजित किया।

## एशियन बैडमिंटन चैंपियनशिप: डिफेंडिंग चैंपियन वितिदसर्न को हराया

# आयुष ने किया 60 साल का सूखा खत्म, फाइनल में पहुंचे

एजेंसी ▶▶ निंगबो

भारत के आयुष शेट्टी ने शीर्ष वरीयता प्राप्त और गत चैंपियन कुन्लावत वितिदसर्न को शनिवार को तीन गेम के मुकाबले में हराकर बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश कर लिया।

दुनिया के 25वें नंबर के खिलाड़ी आयुष ने पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता और 2023 विश्व चैंपियन वितिदसर्न पर 10-21, 21-19, 21- 17 से जीत दर्ज की। वह दिनेश खन्ना के बाद इस टूर्नामेंट के पुरुष एकल फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बन गए। खन्ना ने 1965 में पुरुष एकल स्वर्ण जीता था। सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने 2023 में खिताब जीता था।

### आक्रामक शैली से कुन्लावत पर बनाया दबाव

अमेरिकी ओपन सुपर 300 चैंपियन आयुष का सामना अब चीनी ताइपै के चौथी वरीयता प्राप्त चोउ तियेन चेन या दूसरी वरीयता प्राप्त चीन के शि यू की से होगा। भारत के पूर्व मुख्य कोच और 'सेंटर फॉर बैडमिंटन एक्सीलेंस' के निदेशक विमल कुमार ने बताया, 'आयुष ने स्थिति को अच्छी तरह से संभाला। ऐसा लगा कि उन्होंने अपनी आक्रामक शैली से कुन्लावत के दिमाग पर दबाव बना दिया और इसका चतुराई से फायदा उठाया।' उन्होंने कहा, 'दूसरा गेम जीतना बहुत अहम था। 20-14 के स्कोर पर आयुष शेट्टी पूरी तरह से नियंत्रण में लग रहे थे, लेकिन जब वितिदसर्न ने वापसी करते हुए स्कोर 20-19 कर दिया तो वह थोड़े चिंतित हो गए। ठीक उसी समय उन्होंने कुछ विशेष किया, जिससे वह गेम अपने नाम करने में कामयाब रहे।



### बैकहैंड पर फ्लिक से आयुष ने बनाए छह अंक

वितिदसर्न ने शुरुआत में 4-0 की बढ़त बना ली। ब्रेक के समय स्कोर 11-5 था और पहला गेम उन्होंने आसानी से जीत लिया। दूसरे गेम में आयुष ने दमदार वापसी की और कूदकर स्मैश लगाते हुए 3-1 की बढ़त बनाई। यह जल्दी ही 7-1 की हो गई चूंकि वितिदसर्न ने कई सहज गलतियां की। ब्रेक के समय स्कोर 11-4 था। आयुष ने बीच में कुछ गलतियां की, जिससे वितिदसर्न ने 13-11 से वापसी की लेकिन जल्दी ही क्रॉसकोर्ट स्मैश से वापसी करते हुए स्कोर 16-11 कर लिया। बैकहैंड पर फ्लिक से आयुष ने छह अंक बनाए और दूसरा गेम अपने नाम किया। तीसरे गेम में उन्होंने 4-1 से शुरुआत की और वितिदसर्न को दबाव में ला दिया। उनकी बढ़त 17-10 की हो गई और आक्रामक स्ट्रोक्स से वह 19-13 से आगे हो गए।




अमेरिकी खुफिया रिपोर्ट में बड़ा दावा


# संघर्षविराम के बीच ईरान को नए एयर डिफेंस सिस्टम देने की तैयारी में चीन! तीसरे देशों के जरिए भेजेगा, बीजिंग ने किया रिपोर्ट का खंडन

*चीन बोला- कभी भी संघर्ष के समय किसी भी पक्ष को हथियार नहीं दिए*

*रिपोर्ट में दावा चीन द्वारा भेजे जाने वाले सिस्टम में मैन-पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम शामिल हो सकते हैं, जो कम ऊंचाई पर उड़ने वाले विमानों के लिए बड़ा खतरा माने जाते हैं। बता दें, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अगले महीने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बातचीत के लिए चीन की यात्रा करने वाले हैं ऐसे यह रिपोर्ट चौंकानें वाली है*

एजेंसी ▸▸ वॉशिंगटन

अमेरिका की खुफिया रिपोर्टों ने एक चौंकाने वाले खुलासे की ओर इशारा किया है, जिसके अनुसार चीन अगले कुछ हफ्तों में ईरान को नई वायु रक्षा प्रणालियां (एयर डिफेंस सिस्टम) भेजने की तैयारी कर रहा है। तीन खुफिया सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि यह कदम ऐसे समय में उठाया जा रहा है जब अमेरिका और ईरान के बीच हाल ही में हुआ अस्थायी सीजफायर बेहद नाजुक स्थिति में है। मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि चीन द्वारा भेजे जाने वाले सिस्टम में मैन-पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम शामिल हो सकते हैं, जो कम ऊंचाई पर उड़ने वाले विमानों के लिए बड़ा खतरा माने जाते हैं। बता दें, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अगले महीने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बातचीत के लिए चीन की यात्रा करने वाले हैं। यह संभावित हथियार आपूर्ति इसलिए भी संवेदनशील मानी जा रही है क्योंकि चीन ने हाल ही में इस संघर्षविराम को कराने में भूमिका निभाने का दावा किया था। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि चीन इन हथियारों की आपूर्ति को तीसरे देशों के जरिए भेज सकता है, ताकि उनके वास्तविक स्रोत को छिपाया जा सके।


एफएन-6 मैन-पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम

## रिपोर्ट असत्यः चीन

*वॉशिंगटन में चीनी दूतावास के एक प्रवक्ता ने इस रिपोर्ट का खंडन करते हुए कहा कि चीन ने कभी भी संघर्ष के किसी भी पक्ष को हथियार प्रदान नहीं किया है, रिपोर्ट में दी गई जानकारी असत्य है। उन्होंने आगे कहा कि एक जिम्मेदार प्रमुख देश के रूप में, चीन लगातार अपने अंतरराष्ट्रीय दायित्वों को पूरा करता है। हम अमेरिकी पक्ष से निराधार आरोप लगाने, दुर्भावनापूर्ण संबंध जोड़ने और सनसनी फैलाने से बचने का आग्रह करते हैं। हमें उम्मीद है कि संबंधित पक्ष तनाव कम करने में मदद करने के लिए और अधिक करेंगे। इससे पहले, दूतावास के एक प्रवक्ता ने कहा था कि अमेरिका-ईरान युद्ध शुरू होने के बाद से बीजिंग युद्धविराम कराने और संघर्ष समाप्त करने में मदद करने के लिए काम कर रहा था। बता दें, ईरान ने लंबे समय से चीन और रूस दोनों के साथ सैन्य और आर्थिक रिश्ते बनाए हैं। ईरान ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस को शाहेद ड्रोन देकर बहुत मदद की है और चीन को अपने सैंक्शन किए गए तेल का बड़ा हिस्सा भी बेचता है।*

## ये हैं चीन के मैन-पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम



चीन के प्रमुख मैन-पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम में एफएए-6, एफएन-16,और क्यूडब्ल्यू-सीरिज (क्यूडब्ल्यू-18) शामिल हैं। ये कंधे से दागे जाने वाली तीसरी और चौथी पीढ़ी की मिसाइलें हैं, जो कम ऊंचाई वाले विमानों, हेलीकॉप्टरों और ड्रोन को 6 किमी तक मार गिराने में सक्षम हैं। ये सिस्टम, विशेष रूप से एफएन-6, निर्यात के लिए लोकप्रिय हैं और विभिन्न देशों में सक्रिय हैं।

## लेबनान का इजराइल पर ड्रोन हमला, बजे सायरन

इजराइली सेना ने बताया है कि लेबनान की ओर से एक ड्रोन घुसपैठ का पता चला है, जिसके बाद अरब अल-अरामशे और पश्चिमी गलील के कई शहरों में सायरन बजाए गए। पिछले कुछ दिनों से इजराइल और लेबनान के बीच सीमा पर लगातार संघर्ष और जवाबी हमले हो रहे हैं, जबकि दोनों पक्षों से संघर्षविराम की अपीलें भी की जा रही हैं।

## यूक्रेनी सेना ने ईरानी डिजाइन वाले शाहेद ड्रोनों को मार गिरायाः जेलेंस्की

*यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि ईरान युद्ध के दौरान यूक्रेनी सेना ने पश्चिम एशिया के कई देशों में ईरानी डिजाइन वाले शाहेद ड्रोनों को मार गिराया। उन्होंने कहा, ये अभियान एक व्यापक रणनीति का हिस्सा है, जिसके तहत यूक्रेन अपने सहयोगी देशों को उन हथियारों से निपटने में मदद कर रहा है जिनका इस्तेमाल रूस उसके खिलाफ कर रहा है। राष्ट्रपति ने इन अभियानों की पहली बार सार्वजनिक रूप से पुष्टि की, जिसे शुक्रवार तक सार्वजनिक नहीं किया गया था।*

पेंटागन का खुलासा

## युद्ध में अमेरिकी सैनिक पी गए 9.5 लाख गैलन कॉफी और 20 लाख एनर्जी ड्रिंक




अमेरिकी रक्षा विभाग (पेंटागन) की एक ब्रीफिंग में ईरान संघर्ष के दौरान अमेरिकी सैनिकों की खपत को लेकर चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं। जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन जनरल डैन कैन ने बताया कि इस सैन्य अभियान के दौरान सैनिकों ने लगभग 9.5 लाख गैलन कॉफी पी। जनरल कैन ने कहा कि यह संघर्ष बेहद तनावपूर्ण और चुनौतीपूर्ण था। उन्होंने इसे बेहद कठिन और लगातार दबाव वाला ऑपरेशन बताया। कॉफी के अलावा, सैनिकों ने लगभग 20 लाख एनर्जी ड्रिंक भी पी, जिससे लगातार ऑपरेशन के दौरान उनकी सतर्कता बनी रहे।

### बड़ी मात्रा में भोजन का सेवन किया

रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी सैनिकों ने इस अवधि में लगभग 60 लाख भोजन का सेवन किया। इसके साथ ही बड़ी मात्रा में निकोटिन उत्पादों की खपत भी दर्ज की गई। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि लंबे सैन्य अभियानों में केवल हथियार ही नहीं, बल्कि लॉजिस्टिक्स और मानव संसाधन भी कितने महत्वपूर्ण होते हैं। पेंटागन ब्रीफिंग के दौरान जनरल कैन ने हल्के अंदाज में कहा कि वे यह नहीं कह रहे कि कोई समस्या है, जिस पर वहां मौजूद लोगों के बीच हल्की मुस्कान देखी गई। लेकिन उन्होंने साफ किया कि यह सैन्य अभियान बेहद कठिन परिस्थितियों में संचालित किया गया। उनके अनुसार, हालात गर्म, अराजक, अंधेरे और अनिश्चित थे। जहां हर पल खतरा बना हुआ था।

होर्मुज बंद करने के लिए बिछाया था बारूदी सुरंगों का जाल

## दावाः अब खुद ही खोज नहीं पा रहा ईरान

अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार ईरान कई कोशिशों के बावजूद होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह से खोल नहीं सकता है। इसकी वजह ईरान द्वारा होर्मुज में बिछाई गई समुद्री बारूदी सुरंगें हैं। अब होर्मुज को खोलने के लिए तेहरान इनका पता लगाने में नाकाम हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक ईरान के पास उन्हें हटाने की क्षमता भी नहीं है। ईरान के लिए यह स्थिति एक बड़ी बाधा साबित हो रही है। बता दें, अमेरिका-इजराइल द्वारा ईरान के खिलाफ युद्ध छेड़ने के बाद तेहरान ने छोटी नावों का इस्तेमाल कर होर्मुज में समुद्री बारूदी सुरंगों का जाल बिछाया था।

खबर संक्षेप

### रियल एस्टेट कंपनी पर ईडी की छापेमारी



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली में स्थित रियल एस्टेट कंपनी 'अर्थ इंफ्रास्ट्रक्चर्स लिमिटेड' के खिलाफ छापेमारी के दौरान 6.3 करोड़ रुपए नकद और 7.5 करोड़ रुपए के आभूषण जब्त किए हैं। यह कंपनी घर खरीदारों के साथ धोखाधड़ी के आरोपों का सामना कर रही है और वर्तमान में दिवालिया प्रक्रिया से गुजर रही है। कंपनी के दिल्ली और गुरुग्राम स्थित 10 परिसरों पर छापे मारे गए। यह कार्रवाई पीएमएलए) के तहत शुक्रवार को की गई।

### मादा चीता 'गामिनी' 4 शावकों की मां बनी

**श्योपुर।** मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले में कूनो नेशनल पार्क (केएनपी) में शनिवार को भारतीय मूल की एक मादा चीता ने जंगल में चार शावकों को जन्म दिया। इसके साथ ही देश में चीतों की कुल संख्या बढ़कर 57 हो गई है। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, यह कूनो के जंगल में दर्ज किसी चीते का पहला जन्म है। सितंबर 2022 में शुरू हुए अंतर-महाद्वीपीय चीता पुनर्वास कार्यक्रम के बाद यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

### मणिपुर में बीएसएफ कांस्टेबल की हत्या



**उखरुल।** मणिपुर के उखरुल जिले में शुक्रवार को गश्त के दौरान बीएसएफ के एक कांस्टेबल की गोली मारकर हत्या कर दी गई। कांस्टेबल मिथुन मंडल शाम करीब 4:30 बजे अज्ञात दिशा से चलाई गई गोली की चपेट में आ गए। पश्चिम बंगाल के भगजान टोला गांव निवासी मंडल को इंफाल के एक अस्पताल में ले जाया गया।

केन्द्रीय मंत्री पीयूष और सऊदी अरब के मंत्री अल कासबी के बीच अहम बातचीत, व्यापार बढ़ाने पर फोकस

# क्षेत्रीय स्थिरता और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सऊदी अरब के वाणिज्य मंत्री माजिद बिन अब्दुल्ला अल कासबी के साथ वर्चुअल कॉल पर महत्वपूर्ण बातचीत की। इस दौरान दोनों देशों ने पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति और आपूर्ति श्रृंखला को बनाए रखने पर चर्चा की। बैठक के दौरान पीयूष गोयल ने हाल ही में घोषित युद्धविराम का स्वागत करते हुए आशा जताई कि इससे क्षेत्र में स्थायी शांति और सुरक्षा स्थापित होगी। उन्होंने सऊदी अरब के लोगों के साहस की सराहना की, जो चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद आपूर्ति श्रृंखला को सुचारू बनाए रखने में जुटे हैं।

वैकल्पिक मार्गों की खोज के प्रयासों की सराहना की

आर्थिक साझेदारी को सुदृढ़ करने की प्रतिबद्धता



## जल्द स्थिति सामान्य करें

दोनों पक्षों ने माना कि संघर्ष के कारण क्षेत्रीय आपूर्ति श्रृंखलाओं पर दबाव पड़ा है। उन्होंने समन्वित प्रयासों के जरिए व्यापार प्रवाह को सुचारू बनाए रखने और जल्द सामान्य स्थिति बहाल करने की आवश्यकता पर बल दिया।

### निर्यात और आर्थिक सहयोग को मजबूत करने पर सहमत हुए

पीयूष गोयल ने सऊदी अरब और खाड़ी क्षेत्र में निर्यात को समर्थन देने के लिए भारत द्वारा उठाए गए कदमों का भी उल्लेख किया। दोनों मंत्रियों ने द्विपक्षीय व्यापार को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। बैठक में भारत-जीसीसी मुक्त व्यापार समझौते की वार्ता में तेजी लाने की उम्मीद जताई गई। दोनों देशों ने आर्थिक साझेदारी को और मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की।

### जीसीसी महासचिव बुदैवी से की बात

*पीयूष गोयल ने खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के महासचिव जसीम मोहम्मद अल बुदैवी के साथ वर्चुअल बातचीत की। इस दौरान दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय स्थिरता और आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई। गोयल ने आवश्यक खाद्य पदार्थों की आपूर्ति श्रृंखला में आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए सहयोग का आश्वासन दिया। साथ ही लॉजिस्टिक्स को मजबूत करने और वैकल्पिक मार्गों की खोज के प्रयासों की सराहना की। दोनों पक्षों ने निर्बाध और सुचारू व्यापार प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि वैश्विक आपूर्ति प्रणाली मजबूत बनी रहे। बैठक में सहयोग और पारस्परिक समर्थन के साथ भारत-जीसीसी आर्थिक साझेदारी को और मजबूत करने की साझा प्रतिबद्धता दोहराई गई।*

### भारत-बहरीन आर्थिक साझेदारी और मजबूत करेंगे



*पीयूष गोयल ने बहरीन के उद्योग और वाणिज्य मंत्री अब्दुल्ला बिन आदेल फखरो के साथ एक महत्वपूर्ण वर्चुअल बैठक की। इस दौरान दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग, स्थिरता और आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बनाने पर चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने निरंतर सहयोग और घनिष्ठ जुड़ाव के जरिए भारत-बहरीन आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने की साझा प्रतिबद्धता दोहराई।*

## कटिहार में कई वाहनों के आपस में टकराने से 13 की मौत, 30 घायल



**कटिहार (बिहार)।** बिहार के कटिहार जिले में शनिवार शाम बस, ट्रक और पिकअप वैन की आपस में हुई टक्कर में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 अन्य घायल हो गए। एसपी ने पत्रकारों को बताया कि कटिहार के कोढ़ा प्रखंड में राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) 31 पर शाम साढ़े छह बजे यह दुर्घटना हुई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मृतकों के परिजनों को दो लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। हालांकि शुरुआती जानकारी में दुर्घटना में सात लोगों की मौत बताई गई थी, लेकिन घायल हुए छह लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

## आंध्र प्रदेश में बीएमडब्ल्यू पर पलटा कंक्रीट से भरा टैंकर, पिचक गई लग्जरी कार

**एजेंसीः विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश के एनटीआर जिले में हैदराबाद-विजयवाड़ा नेशनल हाईवे पर दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया है। कीसरा टोल प्लाजा पर एक लग्जरी बीएमडब्ल्यू कार पर लोडेड कंक्रीट टैंकर पलट गया, जिससे कार पूरी तरह से कुचल गई। जानकारी के अनुसार यह भीषण हादसा कंचिकाचर्ला मंडल के कीसरा टोल प्लाजा पर हुआ। रोडी-मिक्स कंक्रीट से भरे टैंकर के ब्रेक फेल हो गए थे।



बॉम्बे हाई कोर्ट का अहम फैसला

भारतीय दंड संहिता की धारा 354 सी की व्याख्या

## महिला सहकर्मी के शरीर को घूरना ताक-झांक नहीं

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बॉम्बे हाई कोर्ट ने महिला को कथित तौर पर घूरने को लेकर एक अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा है कि किसी महिला सहकर्मी के शरीर को घूरना अनैतिक व्यवहार है, लेकिन इसे ताक-झांक का अपराध नहीं माना जाएगा। जस्टिस अमित बोरकर ने कहा कि ऐसे काम नैतिक रूप से गलत हैं, लेकिन वे भारतीय दंड संहिता की धारा 354सी के तहत कानूनी मानदंडों को पूरा नहीं करते हैं। यह धारा ताक-झांक के अपराध को परिभाषित करती है और उसके लिए सजा तय करती है। इस धारा के तहत किसी महिला को कोई निजी काम करते हुए देखना, उसकी तस्वीरें लेना या उन तस्वीरों को फैलाना शामिल है। यह उस हालात में लागू होता है जहां शरीर के निजी अंग खुले हों, कोई महिला शौचालय का इस्तेमाल कर रही हो, या कोई ऐसा यौन कृत्य कर रही हो जो आमतौर पर सार्वजनिक रूप से नहीं किया जाता। हालांकि, इसके तहत ऑफिस के माहौल में किसी को घूरना इस श्रेणी में नहीं आता। एक मामले में एक इंश्योरेंस कंपनी के एग्जीक्यूटिव के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी।



नासा का आर्टेमिस-2 मिशन : 7 हजार तस्वीरों के साथ धरती पर लौटे नासा के अंतरिक्ष यात्री

# पिछले पांच दशकों में ऐसा पहली बार था जब इंसानों ने चंद्रमा के पास जाकर फ्लाइबाय किया

▸▸ फ्लाईबाय यानी अंतरिक्ष यात्रियों ने चंद्रमा के पास से गुजरते हुए उसकी सतह, गड्ढों, लावा प्रवाह और अंतरिक्ष के दुर्लभ दृश्यों को कैमरे में कैद किया


प्रशांत महासागर में सुरक्षित लैंडिंग

एजेंसी ▸▸ वॉशिंगटन

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के अनुसार, आर्टेमिस-2 के चारों अंतरिक्ष यात्री सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर लौट आए हैं। 10 दिन की ऐतिहासिक चंद्र यात्रा के बाद चारों अंतरिक्ष यात्री शनिवार तड़के प्रशांत महासागर में सुरक्षित लैंडिंग के साथ पृथ्वी पर लौट आए। इस मिशन में तीन अमेरिकी और एक कनाडाई अंतरिक्ष यात्री क्रिस्टीना कोच, विक्टर ग्लोवर, जेरेमी हैनसन और रीड वाइसमैन शामिल थे। यह पिछले पांच दशकों में पहली बार था जब इंसानों ने चंद्रमा के पास जाकर फ्लाईबाय किया। अंतरिक्ष यात्री अपने साथ 7,000 से ज्यादा शानदार तस्वीरें लेकर पृथ्वी पर लौटे हैं। उनका स्पेसक्राफ्ट प्रशांत महासागर में सफलतापूर्वक उतरा, जिसे स्प्लैशडाउन कहा जाता है। यह मिशन चंद्रमा के लिए भविष्य के और बड़े अभियानों की नींव रखेगा। अब दुनिया की नजरें इस बात पर हैं कि अमेरिका मंगल तक पहुंचने के अपने इस नए लक्ष्य को कब और कैसे पूरा करता है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अब अमेरिका का अगला लक्ष्य चंद्रमा के बाद मंगल ग्रह तक पहुंचना है।


धरती पर लौटने पर अंतरिक्ष यात्री क्रिस्टीना कोच, विक्टर ग्लोवर, जेरेमी हैनसन और रीड वाइसमैन अपनी खुशी का इजहार करते हुए

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28